दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 3 | अंक: 149 | जयपुर, गुरुवार, 09 मई, 2024 | वैशाख, शुक्ल पक्ष- प्रतिपदा, विसं 2081 | पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

## जरूरी खबर

### बाड़मेर: एक बूथ पर री-पोलिंग में 85% वोटिंग



**बाड़मेर।** लोकसभा क्षेत्र की चौहटन विधानसभा में आने वाले के दुधवा खुर्द मतदान केंद्र 50 पर पुनर्मतदान के दौरान 85.70 प्रतिशत वोटिंग हुई। जिला निर्वाचन अधिकारी निशांत जैन ने बताया कि दुधवा खुर्द के मतदान केंद्र पर हुए पुनर्मतदान में ग्रामीणों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। मतदान बूथ के पंजीकृत 1294 मतदाताओं में से 1109 मतदाताओं ने वोट किया। दूसरे चरण में 26 अप्रैल को हुए मतदान के दिन इस बूथ पर 1294 मतदाताओं में से 1120 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया था। इस बूथ पर 85.20 फीसदी मतदान हुआ था, लेकिन जिम्मेदारों की लापरवाही की वजह से मतदान की गोपनीयता भंग हुई।

### सैम पित्रोदा ने विवादित बयान के बाद दिया इस्तीफा

**नई दिल्ली।** विरासत टैक्स की चिंगारी को कांग्रेस पूरी तरह से बुझा भी नहीं पाई थी कि सैम पित्रोदा ने नस्लभेदी टिप्पणी कर एक नया विवाद खड़ा कर दिया है। लोकसभा चुनाव के बीच विवादित बयानबाजी को लेकर घिरे कांग्रेस नेता पित्रोदा ने बुधवार को इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव जयराम रमेश ने एक्स पर लिखा कि पित्रोदा ने अपनी मर्जी से इस्तीफा दिया है, जिसे स्वीकार कर लिया गया। इससे पहले पित्रोदा के बयान की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित भाजपा नेताओं ने कड़ी निंदा करते हुए कहा कि उन्होंने देशवासियों का अपमान किया है। ■ पेज 7 भी देखें

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
अख़बार की प्रति प्राप्त करने के लिए
+91 96640 14179
+91 97830 45155
पर सम्पर्क कर अपना पता नोट करवाएं।

### 900 करोड़ के जल जीवन मिशन घोटाले में अब सीबीआई ने दर्ज किया केस

# JJM घोटाले में ED-ACB के बाद अब सीबीआई की एंट्री



**बेधड़क | जयपुर**

प्रदेश के गांवों में हर घर तक नल से जल पहुंचाने की महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन में करोड़ों रुपए के घोटाले के आरोपों की अब सीबीआई जांच करेगी। सीबीआई ने इस मामले को लेकर केस दर्ज कर लिया है। सबसे पहले भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने जल जीवन मिशन में घूसखोरी और कमीशनखोरी को लेकर ट्रैप की कार्रवाई की थी और केस दर्ज किया था। इसके बाद प्रवर्तन निदेशालय ने भी अवैध रूप से धन के लेनदेन का मामला दर्ज किया था। दोनों ही एजेंसियां इस मामले में जांच कर रही हैं और अब सीबीआई ने भी केस दर्ज कर लिया है. दरअसल, राज्य सरकार ने 18 मार्च को इस मामले की सीबीआई जांच की सिफारिश की थी। इसके बाद सीबीआई ने केस दर्ज किया है। सीबीआई ने केस में जलदाय विभाग के एक्स ईएन विशाल सक्सेना, श्याम ट्यूबेल कंपनी के प्रोप्राइटर पद्म चंद जैन, गणपति ट्यूबेल कंपनी शाहपुरा के प्रोप्राइटर महेश मित्तल के अलावा अज्ञात सरकारी और गैर सरकारी लोगों को भी शामिल माना है। ये सभी पूर्व जलदाय मंत्री महेश जोशी के नजदीकी बताए जाते हैं।




### भजन सरकार ने की थी अनुशंसा

सरकार के गृह विभाग ने 18 मार्च को तथा केंद्र सरकार ने 22 अप्रैल को इस मामले में सीबीआई को पत्र लिखा था। इसके बाद सीबीआई ने तीन मई को एफआईआर दर्ज कर ली। सीबीआई ने आईपीसी की धारा 120 बी, 167, 419, 420, 471 के तहत आपराधिक षडयंत्र रचने, धोखाधड़ी, चीटिंग, षडयंत्र पूर्वक फर्जी कागजात बनवाने के आरोप तय किए है। सीबीआई ने इंसपेक्टर मुकेश बंसल को इस पूरे मामले की जांच का जिम्मा सौंपा है। जांच के दौरान सीबीआई के अधिकारी पूर्व जलदाय मंत्री महेश जोशी, एसीएस सुबोध अग्रवाल, जलदाय विभाग के चीफ इंजीनियर सहित अन्य अधिकारियों, ठेकेदारों व महेश जोशी के नजदीकियों से फिर से पूछताछ कर सकती है।

### घोटाले में पूर्व मंत्री महेश जोशी भी दोषी: पीएचईडी मंत्री



जल जीवन मिशन के कथित घोटाले में सीबीआई द्वारा केस दर्ज करने के बाद पीएचईडी मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने कहा कि इस पूरे घोटाले में पूर्व मंत्री महेश जोशी भी दोषी हैं। उनके सामने यह पूरा घोटाला हुआ हैं। अगर वे इस घोटाले को रोक नहीं पा रहे थे तो नैतिकता के तौर पर तुरंत इस्तीफा देते। वरना घोटाले में शामिल लोगों के खिलाफ कार्रवाई करते। मंत्री ने कहा कि हम जनता के जनप्रतिनिधि हैं। ऐसे में उस समय कांग्रेस की सरकार थी। उनके मंत्री थे। ऐसे में जिम्मेदारी उनकी भी बनती हैं, लेकिन यह देखने की बात है कि वे किस हद तक इस घोटाले में जिम्मेदार थे, लेकिन दोषी तो वो भी हैं, उनके खिलाफ भी जांच होनी चाहिए।

### एसीबी ने इंजीनियर्स को घूस लेते पकड़ा था

जल जीवन मिशन में गड़बड़ी का खुलासा तब हुआ जब पिछले साल 6 अगस्त को एसीबी ने पीएचईडी के एक्सईएन मायालाल सैनी और जेईएन प्रदीप कुमार को ठेकेदार पदमचंद जैन से 2.20 लाख की घूस लेते पकड़ा था। इसमें अन्य लोगों को भी गिरफ्तार किया गया था। बाद में सामने आया कि फर्जी प्रमाण पत्र लगाकर 900 करोड़ रुपए के टेंडर लिए गए हैं। इसके साथ ही हरियाणा से चोरी के पाइप बिछाने का भी खुलासा हुआ था।

## अवैध कार्रवाई

### विभाग में चुप्पी छाई




### सीएस से पीएमओ तक शिकायत पहुंचने के बावजूद न जांच... ना कार्रवाई

### तूल पकड़ चुका सवाई माधोपुर में अवैध दुकान तोड़ने की कार्रवाई का मामला

# अदालती आदेश ताक में रखने वाले कमिश्नर पर एक्शन में देरी क्यों!

### आयुक्त का झूठ सीसीटीवी फुटेज से आ गया सामने, फिर भी महफूज

**बोले थे... दुकानदार ने नहीं दिखाए थे आदेश... जबकि देखने के बाद तोड़ी थी दुकान**

**बेधड़क | जयपुर**

सवाई माधोपुर में कोर्ट के आदेश को दरकिनार कर 48 साल पुरानी आवंटित दुकान तोड़ने का मामला तूल पकड़ने लगा है। मामले में नगर परिषद आयुक्त पर अभी तक कोई एक्शन नहीं लिया गया। 4 मई को गैर कानूनी तरीके से दुकान तोड़ने के सीसीटीवी फुटेज भी सामने आ गए। सीसीटीवी फुटेज में मंत्री के सामने आयुक्त दुकान तोड़ने की कार्रवाई करते साफ तौर पर दिख रहे हैं। ऐसे में पूरे मामले में आयुक्त की संदिग्ध भूमिका सामने आई, लेकिन अभी तक नगर परिषद आयुक्त फतेह सिंह मीणा पर कोई कार्रवाई नहीं की गई है, जबकि पूरे मामले की शिकायत और दस्तावेज मुख्य सचिव तक भी पहुंच चुके हैं।

दरअसल, कार्रवाई करने से पहले आयुक्त ने हाई कोर्ट के ऑर्डर और डिक्री भी देखी थी। आयुक्त फतेहसिंह ने मंत्री किरोड़ी लाल की मौजूदगी में डॉक्यूमेंट्स भी देखे थे। इसके बावजूद आयुक्त पर आखिर किसका दबाव था जो हाई कोर्ट के नियमों की धज्जियां उड़ाई गई। कार्रवाई के दौरान आयुक्त के साथ पूरे प्रशासन ने हाई कोर्ट के ऑर्डर की अवमानना की गई। एक बयान में नगर परिषद आयुक्त ने कागज देखने की बात से इनकार किया था। अब सीसीटीवी में साफ तौर पर आयुक्त मंत्री किरोड़ी लाल मीणा के साथ कागज देखते हुए नजर आ रहे हैं। इस पूरे षड्यंत्र में नगर परिषद के साथ में मंत्री किरोड़ीलाल मीणा की कार्यशैली पर भी सवाल उठने लगे हैं।

### CCTV में मंत्री के साथ दिखे फतेह सिंह

घटना के 3 दिन बाद दुकान पर कार्रवाई करने का सीसीटीवी फुटेज सामने आया। इसमें मंत्री मीणा और आयुक्त फतेह सिंह बात करते हुए नजर आ रहे हैं। इस दौरान दुकानदार आयुक्त को कोर्ट के आदेश के कागज दिखाते हुए भी दिखा रहा है।




### सीएस तक पहुंची शिकायत

गैरकानूनी तरीके से दुकान तोड़ने के पूरे मामले से मुख्य सचिव को अवगत कराए जा चुका है। कोर्ट के ऑर्डर के साथ दुकान के सभी दस्तावेज सीएस के पास भेजे गए हैं। मुख्य सचिव ने मामले में संबंधित विभागों को अवगत करवा कर कार्रवाई की बात कही थी। साथ ही डीएलबी डायरेक्टर को मामले की फाइल भेजने और नगर परिषद आयुक्त पर संज्ञान का आश्वासन दिया था। लेकिन अभी तक मामले में दोषियों पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

### प्रशासन के मौन पर सवाल

इस मामले में प्रशासन का मौन होना कई सवाल खड़े करता है। कानून की धज्जियां उड़ा कर दुकान तोड़ने का मामला बड़ा गंभीर है। इसके बावजूद उच्च अधिकारी कार्रवाई करने में गंभीरता नहीं दिखा रहे। ऐसे में इस पूरे मामले को राजनीतिक दबाव के चलते दबाने की बात सामने आ रही है। राजनीतिक दबाव के कारण ही आयुक्त पर कार्रवाई नहीं करने की बात सामने आ रही है। पीड़ित परिवार का भी कहना है कि उनके साथ अन्याय करने वाले नगर परिषद आयुक्त को जल्द से जल्द बर्खास्त किया जाए।

### आयुक्त जवाब देने से बच रहा...

इस मामले में पिछले 4 दिन से नगर परिषद आयुक्त फतेह सिंह कोई जवाब नहीं दे रहे हैं। बिना वजह दुकान तोड़ने की बात को लेकर फोन पर कॉल व मैसेज करके संपर्क किया तो उन्होंने जवाब देना तो दूर फोन तक रिसीव नहीं किया। हालंकि 4 मई को फतेह सिंह द्वारा कागजात नहीं दिखाने का दिया गया बयान सीसीटीवी सामने आने के बाद झूठा साबित हो गया।

# एस्ट्राजेनेका ने वापस मंगवाई कोरोना वैक्सीन



**एजेंसी | नई दिल्ली**

ब्रिटेन की फार्मा कंपनी एस्ट्राजेनेका की कोरोना वैक्सीन से दुष्प्रभाव को लेकर दुनियाभर में मचे बवाल के बाद कंपनी ने अपनी कोरोना वैक्सीन को वैश्विक स्तर पर वापस लेने की पहल की है। ब्रिटिश दवा कंपनी ने स्वीकार किया था कि उनकी कोविशील्ड वैक्सीन के दुर्लभ प्रभाव हो सकते हैं।

फार्मा कंपनी ने माना है कि उनकी कोविशील्ड वैक्सीन कई दुर्लभ मामलों में खून के थक्के जमने और प्लेटलेट काउंट कम होना का भी कारण हो सकती है। भारत में सीरम इंस्टीट्यूट ने कोविशील्ड नाम से जो वैक्सीन बनाई थी, वह एस्ट्राजेनेका का ही फॉर्मूला है। इसके साथ ही एस्ट्राजेनेका कोविड-19 वैक्सीन में साइड इफेक्ट की बात अदालत में मानने के बाद उसकी बिक्री बंद करने वाली है। एस्ट्राजेनेका ने 2020 में ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी के साथ मिलकर कोरोना वायरस से लड़ने के लिए यह वैक्सीन बनाई थी। इसके फॉर्मूले से भारत में सीरम इंस्टीट्यूट ने कोविशील्ड नाम से वैक्सीन बनाई थी। इसी वैक्सीन को ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया में 'वैक्सजेवरिया' नाम से जाना जाता है। देश के करीब 175 करोड़ लोगों को कोविशील्ड की डोज गई।

### खतरनाक साइड इफेक्ट्स को किया था स्वीकार

एस्ट्राजेनेका ने फरवरी में ब्रिटिश हाई कोर्ट को बताया था कि उनकी कोविड-19 वैक्सीन के खतरनाक साइड इफेक्ट्स हो सकते हैं। कंपनी ने कोर्ट में एफिडेविट जमा किए थे। इसमें कहा गया था कि कोरोना वैक्सीन से कुछ मामलों में थ्रॉम्बोसिस थ्रॉम्बोसाइटोपेनिया सिंड्रोम यानी TTS हो सकता है। इसमें किसी इंसान के शरीर में ब्लड क्लॉट हो जाते हैं। उसकी प्लेटलेट्स की संख्या गिर जाती है। हालांकि, ऐसा बहुत दुर्लभ मामलों में ही होगा। रिपोर्ट के मुताबिक, कंपनी के खिलाफ लंदन हाईकोर्ट में 51 केस चल रहे हैं। पीड़ितों ने एस्ट्राजेनेका से करीब एक हजार करोड़ का हर्जाना मांगा है।

### भीषण गर्मी से जनजीवन प्रभावित

# आसमान से बरसी आग में तपा प्रदेश... पारा 46°C

**बेधड़क | जयपुर**

प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में झुलसा देने वाली भीषण गर्मी पड़ रही है। बाड़मेर का पारा 46 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। इसके साथ ही प्रदेश के अधिकांश स्थानों का तापमान 40 डिग्री से ऊपर दर्ज किया गया।

मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर ने प्रदेश में लू चलने को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग का कहना है कि प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में तापमान और बढ़ेगा। खासकर जयपुर, जोधपुर और भरतपुर संभाग में भीषण गर्मी पड़ने की चेतावनी जारी की गई है। मौसम विभाग का कहना है कि अगले दो से तीन दिनों के दौरान जयपुर, जोधपुर और भरतपुर संभाग में तापमान और बढ़ सकता है। तापमान 47 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच सकता है। जयपुर, जैसलमेर और श्रीगंगानगर समेत कुछ जिलों में तापमान पहले ही 44 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। मौसम विभाग ने पश्चिमी राजस्थान में तापमान और बढ़ने की आशंका जताई है। गुरुवार को जोधपुर, बीकानेर संभाग में भीषण लू की स्थितियां रहेंगी। जयपुर, भरतपुर और कोटा संभाग में भी लू चलने का अलर्ट जारी किया गया है।



### सबसे ज्यादा बाड़मेर तो सबसे कम माउंट आबू का पारा

बाड़मेर में जहां अधिकतम तापमान 46 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, वहीं सबसे कम माउंट आबू में 34 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जालौर में अधिकतम तापमान 45.5 डिग्री, फलोदी में 45.4 डिग्री, जैसलमेर और गंगानगर में 45.2 डिग्री, जोधपुर में 45.0 डिग्री, कोटा और बीकानेर में 44.6 डिग्री, वनस्थली में 44.1 डिग्री, संगरिया में 44.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सूबे में सबसे कम तापमान माउंट आबू के पहाड़ी इलाकों में पारा 34 डिग्री दर्ज किया गया

### कल से मिल सकती है गर्मी से राहत

10 से 11 मई तक एक नया पश्चिमी विक्षोभ एक्टिव होगा। मौसम विभाग ने पश्चिमी विक्षोभ के कारण 10 से 12 मई के दौरान राजस्थान में गरज, चमक और तेज हवाओं के साथ हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना जताई है। इस दौरान हवा की रफ्तार 30 से 40 किमी प्रति घंटे होगी। मौसम विभाग की मानें तो 10 से 12 मई के दौरान पश्चिमी राजस्थान में जबकि 10 मई को पूर्वी राजस्थान में धूल भरी आंधी चलने की संभावना है।

### 7 राज्यों में दिल्ली पुलिस का ऑपरेशन

# गोल्डी बराड़-लॉरेंस बिश्नोई के दस शूटर दबोचे



**एजेंसी | नई दिल्ली**

दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने पैन इंडिया कार्रवाई करते हुए कुख्यात गैंगस्टर सतिंदरजीत सिंह उर्फ गोल्डी बराड़ और लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के 10 शूटर को दबोच बड़ी उपलब्धि हासिल की है। सेल ने सात राज्यों दिल्ली, राजस्थान, मध्य प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश व बिहार में ऑपरेशन चला इन्हें गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से सात पिस्टल, 31 कारतूस और 11 मोबाइल बरामद किए गए हैं। ये सभी फेसबुक, इंस्टाग्राम सहित सोशल मीडिया से एक-दूसरे से जुड़े थे।

## जरूरी खबर

### शिविर में हुआ 6602 कार्मिकों का हेल्थ चेकअप



**बेधड़क.जयपुर।** राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम में सात दिवसीय निशुल्क चिकित्सा शिविर का समापन बुधवार को हुआ। निगम की अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक श्रेया गुहा ने बताया कि 1 से 7 मई तक आयोजित चिकित्सा शिविर में कुल 6602 कार्मिको का हुआ हेल्थ चेकअप किया गया है। उन्होने कार्मिको को चिकित्सकीय परामर्श को मानने के साथ हीस्वस्थ्य जीवन शैली को अपनाने के भी निर्देश दिए। उन्होने बताया कि जिन कार्मिकों का स्वास्थ्य परीक्षण नहीं हो पाया है उनके लिए नियमित रूप से निशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाए जाएंगे।

### अधिकारी प्रदेशभर में एक साथ करेंगे अस्पतालों की जांच

**बेधड़क.जयपुर।** मातृत्व एवं शिशु स्वास्थ्य सहित अन्य चिकित्सा सेवाओं के सुदृढ़ीकरण की दृष्टि से प्रदेशभर में गुरुवार को विशेष निरीक्षण एवं जागरूकता अभियान संचालित किया जाएगा। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह के निर्देशन में संचालित होने वाले इस अभियान के तहत मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को लेकर चिकित्सा संस्थानों में उपलब्ध करवाई जा रही स्वास्थ्य सेवाओं, मौसमी बीमारियों, लू-तापघात व गर्मी जनित बीमारियों के प्रबंधन संबंधी तैयारियों का सघन निरीक्षण किया जाएगा। अतिरिक्त मुख्य सचिव से लेकर ब्लॉक स्तरीय अधिकारी चिकित्सा संस्थानों का एक साथ निरीक्षण करेंगे।

### जनता को प्यासा रखने वालों को मिलेगी कड़ी सजा



**बेधड़क.जयपुर।** केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने राजस्थान में जल जीवन मिशन योजना में 900 करोड़ रुपए के घोटाले में सीबीआई द्वारा केस दर्ज करने पर पूर्ववर्ती अशोक गहलोत सरकार पर निशाना साधा। शेखावत ने कहा कि अब पूर्ववर्ती सरकार के पापों से पर्दा उठेगा। राज्य की जनता को प्यासा रखने वालों को कड़ी सजा मिलेगी। भ्रष्टाचारी चाहे कितना भी बड़ा होगा, उसे किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। बुधवार को अपनी प्रतिक्रिया में शेखावत ने कहा कि केंद्र सरकार ने राजस्थान को इस योजना में सर्वाधिक 27 हजार करोड़ की धनराशि दी, लेकिन पूर्ववर्ती अशोक गहलोत सरकार ने जानबूझकर योजना को अधर में लटकाए रखा।

'वन नेशन-वन एप्लीकेशन' के तहत नेशनल ई-विधान एप्लीकेशन का होगा उपयोग

# इस साल के अंत तक पेपरलेस हो जाएगी राज्य विधानसभा

**बेधड़क | जयपुर**

राजस्थान विधानसभा जल्द ही पेपरलेस हो जाएगी। दिसंबर 2024 के बाद विधानसभा का हर काम डिजिटल होगा। इसको लेकर भारत सरकार, राजस्थान सरकार और राजस्थान विधानसभा के मध्य त्रिपार्टी मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग हुआ है।

सदन की कार्यवाही से लेकर विधानसभा सचिवालय का सभी काम डिजिटल फॉर्मेट होगा। राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने बताया कि राजस्थान विधानसभा के सभागार में सदस्यों की सीटों पर कम्प्यूटर उपकरण स्थापित करने



और विधानसभा सचिवालय को पेपरलेस किए जाने के लिए त्रिपार्टी एमओयू किया गया है। अध्यक्ष देवनानी ने कहा कि राजस्थान विधानसभा को डिजिटल किए जाने की प्रक्रिया आरम्भ हो गई है। कार्य की डीपीआर तैयार हो गई है। यह त्रिपार्टी मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग भारत सरकार के संसदीय कार्य मंत्रालय, राजस्थान सरकार और राजस्थान विधानसभा के मध्य हुआ है। देवनानी ने बताया कि केंद्र सरकार की राज्य की विधानसभाओं को डिजिटल बनाए जाने के लिए 'वन नेशन-वन एप्लीकेशन' के तहत नेशनल ई-विधान एप्लीकेशन का उपयोग किया जा रहा है। नेशनल ई-विधान एप्लीकेशन (नेवा) से अब राजस्थान विधानसभा का सदन और सचिवालय डिजिटल हो जाएगा। इससे विधानसभा व सचिवालय की कार्यवाही पेपरलेस हो जाएगी। इस प्रोजेक्ट में 18 करोड़ का इन्वेस्टमेन्ट है, जो भारत और राजस्थान सरकार वहन करेगी, जैसे ही आचार संहिता खत्म होगी उसके बाद से इस प्रोजेक्ट पर काम शुरू हो जाएगा।

### अधिकारियों को कार्य में होगी आसानी

स्पीकर देवनानी ने बताया कि इस ई- विधान एप्लीकेशन से राज्य विधानसभा के सदस्यों और अधिकारियों को कार्य करने में आसानी होगी। इस एप्लीकेशन से विधानसभा के सदन से संबंधित विधेयक, रिपोर्टस सहित अन्य की जानकारी मीडिया, अनुसंधानकर्ता और आम नागरिक देख सकेंगे। इससे विधानसभा की कार्यवाही पेपरलेस हो सकेगी और स्टेशनरी की बचत भी होगी। ई- विधान एप एंड्रॉयड और आईओएस दोनों तरह के मोबाइल पर चल सकेगा। यह ऐप ई-बुक और वेबसाइट पर भी उपलब्ध होगा। नेवा के तहत सदन की कार्यवाही विवरण, सदन में रखे जाने वाले पेपर्स, विधेयक से संबंधित जानकारी, समितियों की रिपोर्ट, प्रश्न और उनके जवाब, बुलेटिन, कार्यवाही विवरण, डिजिटल लाइब्रेरी, सूचनाएं और सदस्यों से संबंधित जानकारी एक ही एप्लीकेशन में उपलब्ध होगी।

### राज्य व केंद्र से होगी वित्त व्यवस्था

विधानसभा अध्यक्ष देवनानी ने बताया कि इस एमओयू के तहत केंद्र और राज्य सरकार के वित्त का उपयोग 60 व 40 के अनुपात में किया जाएगा। चार किस्तों में वित्तीय सहायता कार्य के लिए उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि विधानसभा में नेवा सेवा केन्द्र (ई लर्निंग कम ई-फेसिलेशन सेन्टर) की स्थापना की जाएगी। इसके तहत विधायकगण, अधिकारियों और कर्मचारियों को नेवा मॉड्यूल का प्रशिक्षण दिया जायेगा, प्रशिक्षण सामग्री अंग्रेजी, हिन्दी और क्षेत्रीय आषाओं में उपलब्ध कराई जाएगी।

मुख्यमंत्री भजनलाल ने प्रवासी राजस्थानियों से की 'चाय पर चर्चा'

# तेलंगाना सरकार फेक वीडियो से कर रही जनता को गुमराह

**बेधड़क | जयपुर**

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि तेलंगाना की कांग्रेस सरकार जनता को गुमराह करने के लिए फेक वीडियो बनवा रही है। वे मर्यादा का ध्यान नहीं रखते हुए चुनाव के समय नए-नए हथकंडे अपना रहे हैं, लेकिन जनता सच जानती है। तेलंगाना में जनता कांग्रेस के कुशासन और भ्रष्टाचार से त्रस्त है।

अब जनता बीजेपी को प्रचंड बहुमत देने का मन बना चुकी है तथा लोकसभा चुनावों में यहां भाजपा भारी मतों से विजयी होगी। मुख्यमंत्री शर्मा बुधवार को हैदराबाद के चेवेल्ला लोकसभा क्षेत्र से प्रवासी राजस्थानियों के साथ 'चाय पर चर्चा' कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 से पहले देश को भ्रष्टाचार, आतंकवादी घटनाएं, तुष्टिकरण की राजनीति और घोटालों का आए दिन सामना करना पड़ता था, लेकिन नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद देश में परिस्थितियां बदलीं तथा देश विकास के पथ पर अग्रसर होता चला गया। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने घर-घर शौचालय, किसान सम्मान निधि, हर घर नल से जल, उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना जैसी विभिन्न योजनाओं तथा कार्यक्रमों से सहित सभी वर्गों को राहत पहुंचाने का काम किया है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस से देश के पूर्व प्रधानमंत्री ने कहा था कि संसाधनों का सबसे अधिक प्रयोग मुस्लिम वर्ग के कल्याण के लिए किया जाए, जबकि हमारे प्रधानमंत्री इस तरह की तुष्टिकरण की राजनीति नहीं करते हैं। वे दीनदयाल उपाध्याय के विचारों को आगे ले जाते हुए सबके लिए समान रूप से काम करते हुए दुनिया में देश का नाम रोशन कर रहे हैं।



### सांस्कृतिक पहचान को दुनिया में फैलाया

सीएम शर्मा ने कहा कि हमारे ऋषि-मुनि तथा संतों ने देश की संस्कृति को बनाए रखा है। पुरातन समय से कुशाण, हुण जैसे विदेशी आक्रमणकर्ता आए लेकिन हमारी संस्कृति को मिटा नहीं पाए और उनकी भी संस्कृति हमारे देश की सभ्यता में समाहित हो गई। पीएम मोदी ने सदैव ही देश की इसी सांस्कृतिक पहचान को विश्व में आगे बढ़ाया है। उन्होंने सोमनाथ, महाकाल, काशी विश्वनाथ कॉरिडोर तथा यमुनोत्री, गंगोत्री, बद्रीनाथ व केदारनाथ सहित देश के सभी बड़े सांस्कृतिक एवं धार्मिक केन्द्रों को संवारने का काम किया है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने 500 वर्षों से टेंट में रह रहे रामलला की 22 जनवरी को अयोध्या में भव्य प्राण-प्रतिष्ठा कर करोड़ों भारतीयों के सपनों को साकार किया है। अयोध्या आज दुनिया का सबसे बड़ा सांस्कृतिक एवं धार्मिक केंद्र है।

### राजस्थानियों में परोपकार की भावना

मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि प्रवासी राजस्थानी किसी भी जगह जाएं परोपकार की भावना उनमें सदैव निहित रहती है। आपने हर क्षेत्र में समाज सेवा का बीड़ा उठाया है। राजस्थान की मिट्टी तथा संस्कारों से प्रवासी राजस्थानियों को यह सीख मिली है। उन्होंने आह्वान किया कि 2024 का यह चुनाव बहुत ही महत्वपूर्ण है तथा प्रवासी राजस्थानी अपने कर्तव्य का ध्यान रखते हुए अपनी वोट की ताकत को पहचाने और लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी श्री कोंडा विश्वेश्वर रेड्डी को भारी मतों से विजयी बनाएं।

नवंबर में होने हैं पंचायत चुनाव

# राजस्थान में जल्द शुरू होगा नए जिलों के सीमांकन का काम

**बेधड़क | जयपुर**

राजस्थान की पूर्ववर्ती गहलोत सरकार ने विधानसभा चुनाव से ठीक पहले 17 नए जिले बनाने की घोषणा की थी, जिसके बाद राजस्थान के कुल जिलों की संख्या 33 से बढ़कर 50 हो गई। हालांकि सुजानगढ़, मालपुरा और कुचामन सिटी जिले का नोटिफिकेशन अभी तक जारी नहीं हुआ।

राजस्थान सरकार जल्द ही नए जिलों के सीमांकन का काम तेज करने वाली है। राजस्थान में इस साल नवंबर दिसंबर में अलवर, बांसवाड़ा, बाड़मेर, चित्तौड़गढ़, चूरू, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, जालोर, झुंझुनूं, पाली, सीकर, सिरोही, और टोंक में पंचायतों और जिला परिषद के चुनाव होंगे। सीमांकन प्रक्रिया पूरी होने के बाद 19 जिलों में चुनाव होंगे। इनमें बालोतरा, ब्यावर, अनूपगढ़, डीडवाना कुचामन, डीग, दूदू, गंगापुर सिटी, जयपुर उत्तर, जयपुर दक्षिण, कोटपुतली, खैरथल, नीम का थाना, फलोदी, सलूंबर, सांचौर, जोधपुर, जोधपुर ग्रामीण, केकड़ी और शाहपुरा शामिल हैं। ऐसे में सरकार की यह कोशिश है कि इन जिलों के साथ-साथ नए जिलों में भी चुनाव कराए जाएं। इसीलिए सीमांकन आवश्यक है।

### 3 नए जिलों का नोटिफिकेशन अटका

बताते चलें कि राजस्थान की पूर्ववर्ती गहलोत सरकार ने विधानसभा चुनाव से ठीक पहले 19 नए जिले बनाने की घोषणा की थी, जिसके बाद राजस्थान के कुल जिलों की संख्या 33 से बढ़कर 50 हो गई। लेकिन सुजानगढ़, मालपुरा और कुचामन सिटी जिले का नोटिफिकेशन अभी तक जारी नहीं हुआ। विधानसभा चुनाव के बाद प्रदेश में भाजपा की सरकार बन गई। अब ब्यूराक्रेसी में यह संशय भी बना हुआ है कि सभी नए जिलों के सीमांकन का काम शुरू हो या कुछ जिलों को छोड़ दिया जाए? इस बारे में आचार संहिता हटने के बाद अधिकारी उच्च स्तर से मार्गदर्शन भी लेंगे।

बीते दिनों पंचायती राज विभाग ने नए जिलों में शामिल पंचायतों एवं जिला परिषदों के सीमांकन का काम शुरू भी किया था, लेकिन लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लगने के कारण सीमांकन का काम रुक गया।

पूर्ववर्ती गहलोत सरकार पर साधा निशाना

# भ्रष्टाचार पर कार्रवाई से कांग्रेस को हो रही दिक्कत: मंत्री बेढम

**बेधड़क | जयपुर**

प्रदेश सरकार के मंत्री जवाहर सिंह बेढम कहा कि प्रदेश में सरकार बनने के साथ ही हमनें आमजन को पहले दिन से ही पारदर्शी एवं संवेदनशील प्रशासन देने के लक्ष्य के साथ काम शुरू किया। प्रदेश की भाजपा सरकार ने जनहित में अपनी प्राथमिकताएं तय की।

हमारी सरकार द्वारा भ्रष्टाचार की रोकथाम के लिए सभी प्रयास किए गए हैं। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो थाने पर ऑनलाइन एफआईआर दर्ज करने की व्यवस्था भी की गई है। जवाहर सिंह बेढम ने कहा कि प्रदेश



में हमारी सरकार बनने के बाद भ्रष्टाचार और भ्रष्टाचारियों पर कड़ी कार्रवाई की गई है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो द्वारा 1 जनवरी से 24 अप्रेल तक भ्रष्टाचार से संबंधित 60 अभियोग एवं 14 प्राथमिक जांच पंजीबद्ध की गई तथा 11 पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों के विरुद्ध भ्रष्टाचार से संबंधित अभियोग दर्ज किए गए। इस दौरान 58 अभियोग एवं 3 प्राथमिक जांचों का निस्तारण भी किया गया है। मंत्री बेढम ने कहा कि किसी भी भ्रष्टाचार वाले मामले में सरकार ने सीबीआई को कार्रवाई करने की छूट दी थी। आज इसी का नतीजा है कि पिछली कांग्रेस सरकार में हुए जलजीवन मिशन घोटाले में भ्रष्टाचारियों पर नकेल कसी जा रही है। इस मामले में निरंतर नए तथ्य सामने आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज हम जनता के हित की बात कर रहे हैं। राजस्थान में आज तेज़ गति से हो रहा विकास हमारे कार्यों से कांग्रेस के पेट में दर्द हो रहा है क्योंकि वह विकास में बाधक हैं।

'मंत्री आपके द्वार' कार्यक्रम के तहत डॉ. किरोड़ी ने की जनसुनवाई

# ग्रामीणों की समस्या के शीघ्र समाधान के निर्देश

**बेधड़क | जयपुर**

चिकित्सा सवाई माधोपुर। सवाई माधोपुर विधायक व कृषि मंत्री डॉ. किरोडी लाल मीणा बुधवार को सवाई माधोपुर जिले के मलारना डूंगर उपखंड क्षेत्र के दौरे पर रहे। इस दौरान उन्होंने मलारना उपखंड के भाड़ोती, तारनपुर और मलारना चौड़ ग्राम पंचायत मुख्यालय पर मंत्री आपके द्वार कार्यक्रम के तहत जनसुनवाई की।






इसमें बिजली, पानी, सड़क व अतिक्रमण सहित अन्य समस्याएं सुनकर संबंधित अधिकारियों को तत्काल समस्या समाधान के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान भाड़ोती ग्राम पंचायत मुख्यालय पर युवा जागृति एवं विकास समिति भाड़ोती के द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में क्रमोन्नत करने, पशु चिकित्सालय के लिए भूमि आवंटन करने, गौण मंडी को चालू करवाने, गोशाला खुलवाने, भाड़ोती को उपतहसील का दर्जा दिलवाने, भाड़ोती राजकीय माध्यमिक विद्यालय में साइंस फैकेल्टी खुलवाने, रोड लाइट लगवाने सहित विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। इस पर कृषि मंत्री मीणा ने समस्या समाधान का आश्वासन दिया। इसी तरह तारनपुर और मलारना चौड़ ग्राम पंचायत मुख्यालय पर भी बिजली पानी सहित अन्य समस्याएं सामने आई।

### यहां भी सुनी लोगों की समस्याएं

इससे पहले कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने सवाई माधोपुर विधानसभा के किशनपुरा की ढाणी, खाटूपुरा, लोदीपुर व,करमोदा,सूरवाल मैनपुरा अजनोटी आदि गांव में भी जनसुनवाई कर लोगों की समस्याएं सुनी।

भाजपा की राष्ट्रीय सचिव का एमपी दौरा

# मोदी राज में महिलाएं बनी आत्मनिर्भर: डॉ. अल्का

■ एमपी के देवास और रतलाम में महिला सम्मेलनों में की शिरकत

**बेधड़क | जयपुर**

भाजपा की राष्ट्रीय सचिव डॉ. अल्का गुर्जर लोकसभा चुनाव प्रचार के लिए मध्यप्रदेश के देवास और रतलाम लोकसभा क्षेत्र में दो दिन के प्रवास पर पहुंची। इस दौरान उन्होने देवास लोकसभा क्षेत्र के शाजापुर विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न सामाजिक बैठकों और जनसभाओं में शामिल होकर स्थानीय लोगों को संबोधित किया।



वहीं रतलाम लोकसभा क्षेत्र में महिला सम्मेलन सहित पार्टी पदाधिकारियों की बैठक लेकर आगामी रणनीति पर विस्तार से चर्चा की। इसके बाद डॉ. गुर्जर ने विश्वप्रसिद्ध महाकाल मंदिर में दर्शन कर पूजा-अर्चना में भाग लिया। भाजपा की राष्ट्रीय सचिव डॉ. अल्का गुर्जर ने देवास के बेरछा मंडल में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस राज में देश को बांटने की राजनीति होती थी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के राज में देश के भीतर विकास की राजनीति शुरू हुई है। पीएम मोदी की गारंटी में देश के वंचित, शोषित, गरीब और महिलाओं के विकास का काम होता है।

### विकसित भारत की संकल्पना होगी पूरी

भाजपा की राष्ट्रीय सचिव डॉ. अल्का गुर्जर ने कहा कि भाजपा का कार्यकर्ता समर्पित और सेवाभाव से जनता की सेवा में जुटा हुआ है। इसी का परिणाम है कि आज भाजपा विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बनी है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में पीएम मोदी के नेतृत्व में 2047 में विकसित भारत की संकल्पना पूरी होगी और भारत की अर्थव्यवस्था विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होगी। डॉ. अल्का ने कहा कि हम सभी को मिलकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 'अबकी बार 400 पार' के नारे को साकार करना है।

### महिला शक्ति बिल से महिलाओं का विकास

रतलाम लोकसभा क्षेत्र के सेलाना में महिला सम्मेलन को संबोधित करते हुए भाजपा की राष्ट्रीय सचिव डॉ. अल्का गुर्जर ने कहा कि भाजपा एक ऐसा राजनीतिक दल है जिसके कार्यकर्ता सेवा को ही कर्तव्य मानकर काम करते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में महिलाओं के सर्वांगीण विकास के लिए महिला शक्ति वंदन बिल पारित कराया गया। पीएम मोदी के नेतृत्व में देश में आज करोड़ों महिलाएं महिला स्वंय सहायता समूह से जुड़कर आत्मनिर्भर बन रही हैं। वहीं महिलाओं के लिए लखपति दीदी, ड्रोन दीदी, पीएम आवास योजना के तहत महिलाओं को घर का मालिक बनाने का काम किया है।

# पानी के लिए महिलाओं ने किया मटका फोड़ प्रदर्शन



**जयपुर।** रामगढ़ मोड़, सड़वा स्थित अफजल विहार के लोग पानी की किल्लत के चलते बुधवार को सड़क पर आ गए। मानबाग चौराहे पर जलदाय विभाग के बाहर महिलाओं ने मटके फोड़कर प्रदर्शन किया।

महिलाओं ने कहा कि यदि दो-तीन दिन में समस्या का समाधान हुआ तो धरना दिया जाएगा। स्थानीय निवासी और नया सवेरा संस्था के अध्यक्ष सरफराज खान ने बताया कि पिछले ढाई माह से बोरिंग खराब पड़ा है। कई बार विभाग के जेईएन-एईएन को समस्या से अवगत कराया, लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ। डॉ. नदीम ने कहा कि यहां कमजोर तबका निजी स्तर पर महंगे टैंकर से पानी खरीदने को मजबूर है। इस दौरान अब्दुल सलाम, जाहिद खान, हाजी जहीर सहित अन्य मौजूद रहे।

## ‖ जरूरी खबर ‖

### 11 ट्रेनी SI और कॉन्स्टेबल का जमानत आदेश रद्द



**जयपुर।** एसआई भर्ती पेपरलीक केस में हाईकोर्ट ने सीएमएम कोर्ट के 11 ट्रेनी एसआई और कॉन्स्टेबल को जमानत पर रिहा करने के आदेश को रद्द कर दिया है। जस्टिस सुदेश बंसल की अदालत ने सीएमएम कोर्ट के आदेश को रद्द करते हुए कहा कि जब कोर्ट ने पहले से गिरफ्तार 14 आरोपियों के संबंध में तथ्य जांचने के लिए डीजीपी को निर्देश दिए थे, तो उस रिपोर्ट के आने से पहले कोर्ट को इन आरोपियों को लेकर डिफरेंट व्यू लेने की कोई आवश्यकता नहीं थी। हाईकोर्ट ने डीजीपी को निर्देश दिए हैं कि पहले से लंबित जांच के साथ-साथ इन 12 आरोपियों की गिरफ्तारी के तथ्यों की जांच करके 15 दिन में रिपोर्ट सीएमएम कोर्ट में पेश करें। वहीं, रिपोर्ट आने के बाद सीएमएम कोर्ट अवैध हिरासत के बिंदू को तय करें।

### जयपुर-दिल्ली समेत 6 फ्लाइट कैंसिल हुई

**जयपुर।** सांगानेर एयरपोर्ट से दिल्ली जाने वाले यात्रियों को बुधवार को परेशानी का सामना करना पड़ा। एयर इंडिया एक्सप्रेस के क्रू मेंबर्स अचानक लीव पर चले गए, जिसकी वजह से दिल्ली से जयपुर आने वाली और जयपुर से दिल्ली जाने वाली दो फ्लाइट्स को रद्द कर दिया गया। बता दें कि एयर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट संख्या IX - 2789 / 769 सुबह 11:45 पर उड़ान भरने से महज कुछ देर पहले रद्द कर दी गई। यही फ्लाइट दोपहर 12:45 बजे जयपुर से दिल्ली जाने वाली थी। इसके साथ ही एयर इंडिया एक्सप्रेस ने जयपुर से रोज उड़ान भरने वाली बेंगलुरु की फ्लाइट नंबर IX1767 और बेंगलूरु से जयपुर फ्लाइट नंबर IX1766 को 8 मई से 15 मई तक (7 दिन) के लिए कैंसिल कर दिया है।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए खब़र, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव ने की समीक्षा

# जल्द लागू होगा '2.0', स्वास्थ्य सेवाएं होंगी ऑनलाइन

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण और चिकित्सा तंत्र को पूरी तरह ऑनलाइन करने के लिए इन्टीग्रेटेड हेल्थ मैनेजमेंट सिस्टम 2.0 लागू किया जाएगा।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने कहा कि आमजन को सुगमतापूर्वक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने की दृष्टि से यह एक महत्वाकांक्षी एवं विजनरी प्रोजेक्ट है। वे बुधवार को स्वास्थ्य भवन में आयोजित उच्च स्तरीय बैठक में इन्टीग्रेटेड हेल्थ मैनेजमेंट सिस्टम 2.0 विकसित करने के संबंध में समीक्षा कर रही थीं। उन्होंने कहा कि यह एक अत्याधुनिक हैल्थ मैनेजमेंट सिस्टम होगा, जिससे प्रदेश के चिकित्सा तंत्र में सकारात्मक क्रांतिकारी बदलाव आएगा।



### मरीजों को उपचार में होगी आसानी

बैठक में बताया गया कि इस सिस्टम के तहत इलेक्ट्रॉनिक हैल्थ रिकॉर्ड, डिजी हेल्थ लॉकर, मरीजों को कतारों से मुक्ति, यूनीफाइड डिजीटल सर्वे, केपीआई आधारित डेशबोर्ड, स्वास्थ्य संबंधी लाइसेंस एवं एनओसी आदि के लिए सिंगल विंडो सिस्टम, टेली आईसीयू, जीओ टेगिंग आधारित चिकित्सालय का मैप जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इससे ज्यादातर स्वास्थ्य सेवाएं ऑनलाइन होंगी और मरीजों को उपचार लेने में आसानी होगी।

### प्रोजेक्ट की होगी साप्ताहिक समीक्षा

अतिरिक्त मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि प्रदेश के चिकित्सा तंत्र को मजबूत बनाने वाले इस प्रोजेक्ट को जल्द से जल्द तैयार किया जाए। इसके लिए संबंधित विभाग एवं एजेंसियां पूर्ण समन्वय के साथ काम करें। उन्होंने कहा कि इस प्रोजेक्ट की साप्ताहिक समीक्षा की जाएगी।

### बैठक में ये रहे मौजूद

बैठक में शासन सचिव सूचना प्रौद्योगिकी आरती डोगरा, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के मिशन निदेशक डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी, आयुक्त सूचना प्रौद्योगिकी इन्द्रजीत सिंह, चिकित्सा शिक्षा आयुक्त इकबाल खान, आरएमएससीएल की प्रबंध निदेशक नेहा गिरि, राजस्थान स्टेट हेल्थ एश्योरेंस एजेंसी के सहायक मुख्य कार्यकारी अधिकारी मयंक मनीष, अतिरिक्त मिशन निदेशक एनएचएम अरुण गर्ग, निदेशक जनस्वास्थ्य डॉ. रवि प्रकाश माथुर सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

जेडीए और नगर निगम ने अलग-अलग क्षेत्रों में हटाया अतिक्रमण

# अवैध कब्जा करने वालों को सिखाया बुलडोजर से सबक

## 10 बीघा जमीन पर बसाई जा रही 3 अवैध कॉलोनी तोड़ी



**बेधड़क** | जयपुर

जयपुर विकास प्राधिकरण के प्रवर्तन दस्ते ने बुधवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए जोन-12 में निजी खातेदारी की करीब 10 बीघा कृषि भूमि पर तीन नवीन अवैध कॉलोनियों को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया। इसके अतिरिक्त जोन-9 में सुओमोटो के तहत एयरपोर्ट के इमरजेंसी गेट की तरफ स्थित कॉलोनी की रोड सीमा को एवं रामनगरिया विस्तार योजना में जेडीए स्वामित्व की सरकारी भूमि को कब्जा-अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। जोन-1 में नगर निगम के साथ सामूहिक अभियान के तहत राजस्थान हाईकोर्ट के पास, वानिकी पथ सहदेव मार्ग की रोड़ सीमा को कब्जा-अतिक्रमण मुक्त करवाया गया।

### कृषि भूमि पर कॉलोनी बसाने का प्रयास

मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन महेन्द्र कुमार शर्मा ने बताया कि जोन-12 के क्षेत्राधिकार के ग्राम माचवा भम्भोरी रोड, जिला जयपुर में करीब तीन बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू-रूपान्तरण के ही भूमि को समतल कर विनायक विहार के नाम से गत दिनों मौका पाकर रातों-रात बनाई गई सड़कें व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होते ही प्रारंभिक स्तर पर ही बुधवार को जोन-12 के राजस्व व तकनीकी स्टाफ की निशानदेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया गया।

### सड़क के दोनों तरफ से अवैध निर्माण किए ध्वस्त

इसके साथ ही जोन-12 के क्षेत्राधिकार के ग्राम हाथोज, हाथोज बाग विवाह स्थल के पीछे जिला जयपुर में करीब 04 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर रिहायशी निर्माण, जोन-12 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम सरना डूंगर इंडस्ट्रीयल एरिया राधेश्याम कॉलोनी के पास, जिला जयपुर में करीब तीन बीघा निजी खातेदारी पर हो रहे रिहायशी निर्माण और सुओमोटो के तहत जोन-09 के क्षेत्राधिकार अवस्थित एयरपोर्ट इमरजेंसी गेट की तरफ स्थित कॉलोनी में मकानों के आगे सड़क सीमा में ही भूखण्डधारियों द्वारा किए गए अवैध निर्माणों को ध्वस्त किया गया।

## 2 होटल, एक बिल्डिंग और मंडी के अवैध निर्माण ध्वस्त




**बेधड़क** | जयपुर

नगर निगम हेरिटेज ने बुधवार को अवैध निर्माण और अतिक्रमण के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की। इस दौरान पोलो विक्ट्री, हवामहल, आमेर जोन में 2 होटल, एक बिल्डिंग और सब्जी मंडी के अवैध निर्माण ध्वस्त किए गए। नगर निगम की किशनपोल जोन उपायुक्त पूजा मीणा ने बताया कि पोलो विक्ट्री स्थित होटल क्लिक कनेक्शन और तिवाड़ी होटल ने सरकारी जमीन पर कब्जा कर पार्किंग एरिया, गार्डन और लॉज का अवैध निर्माण कर रखा था। इसे हटाने को लेकर नोटिस जारी किया गया था, लेकिन फिर भी अतिक्रमण नहीं हटाया गया। इस पर निगम दस्ते ने जेसीबी से कार्यवाही करते हुए सरकारी जमीन को मुक्त करवाया।

### नोटिस के साथ ही सामान को भी किया जब्त

नगर निगम सतर्कता शाखा के उपायुक्त पुष्पेन्द्र सिंह ने बताया कि सरकारी संपत्ति पर अतिक्रमण करने वाले दोषियों को नगर निगम ने नोटिस भी जारी किए हैं, ताकि भविष्य में फिर से सरकारी जमीन पर अतिक्रमण नहीं किया जाए। इसके साथ ही शहर की सड़कों पर हो रहे अवैध अतिक्रमण को हटाकर 6 ट्रक सामान जप्त कर 30 हजार से ज्यादा जुर्माना वसूला गया है। गौरतलब है कि नगर निगम कमिश्नर अभिषेक सुराणा ने हाल ही में जोन उपायुक्तों को अवैध निर्माण और अतिक्रमणों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के आदेश दिए थे, जिसके बाद अधिकारियों ने हरकत में आते हुए बुधवार को बड़े एक्शन लिए।

### नियमों के तहत ही कार्रवाई

" जयपुर शहर में किसी भी तरह के अवैध निर्माण और अतिक्रमण को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। नगर निगम द्वारा जोन स्तर पर अवैध अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। ऐसे में जो भी व्यक्ति अतिक्रमण कर निर्माण करेगा। उसके खिलाफ नियमों के तहत कार्रवाई कर अवैध निर्माण को ध्वस्त कर सीज की कार्रवाई को अंजाम दिया जाएगा।

**अभिषेक सुराणा,** नगर निगम, हेरिटेज कमिश्नर

पूर्व अधीक्षक ने दी बधाई

## डॉ. भाटी ने कार्यवाहक अधीक्षक का पद संभाला



**बेधड़क** | जयपुर

एसएमएस अस्पताल के वरिष्ठ आचार्य, निश्चेतन डॉ. सुशील भाटी ने बुधवार को एसएमएस अस्पताल के कार्यवाहक अधीक्षक का पदभार ग्रहण किया। अस्पताल के पूर्व अधीक्षक डॉ.अचल शर्मा ने उन्हें कार्यभार सौंपा और बधाई दी। इस अवसर पर डॉ. भाटी ने कहा कि उनका प्रयास रहेगा कि प्रदेश के सबसे बड़े सवाई मानसिंह चिकित्सालय में चिकित्सा व्यवस्थाएं और अधिक सुदृढ़ हों ताकि राज्य एवं राज्य से बाहर से आने वाले मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं सुगमता से उपलब्ध हों। इस अवसर पर एसएमएस अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी उपस्थित थे।

खाद्य विभाग ने की कार्रवाई

## कहीं होटल में नहीं मिली सफाई, तो कहीं मेडिकल रिकॉर्ड में थी खामी

**बेधड़क** | जयपुर

खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण आयुक्त इकबाल खान के निर्देश पर बुधवार को जयपुर शहर में विभिन्न प्रतिष्ठानों पर खाद्य सुरक्षा दलों ने निरीक्षण कर कार्रवाई की। अतिरिक्त आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण पंकज ओझा के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा विभाग जयपुर प्रथम व द्वितीय की सयुंक्त टीम ने विशेष अभियान के अन्तर्गत जयपुर शहर के रामगंज बाजार में कई होटल व प्रतिष्ठान पर कार्रवाई की।

अतिरिक्त आयुक्त ने बताया कि टीम ने मैसर्स एमएम खान होटल रामगंज बाजार का निरीक्षण किया। यहां साफ-सफाई में खामी मिलने के साथ ही विक्रय किया जाने वाला भोजन बिना पका हुआ पाया गया। फर्म से खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की जांच के लिए एफएसएस एक्ट के अन्तर्गत नमूने लिए। साथ ही इम्प्रूमेंट नोटिस देने की कार्यवाही भी की गई। इसी प्रकार मैसर्स गरीब नवाज रेस्टोरेन्ट रामगंज बाजार के निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई, कार्यरत स्टाफ के मेडिकल रिकॉर्ड व ट्रेनिंग रिकॉर्ड में खामियां पाई जाने पर नोटिस दिया गया एवं गुणवत्ता जांच के लिए खाद्य पदार्थों के नमूने लिए गए। मैसर्स जयपुर घी हाउस का निरीक्षण कर घी का नमूना लिया गया। सभी व्यापारियों को समुचित साफ-सफाई रखने एवं खाद्य लाइसेंस डिस्प्ले करने के निर्देश दिए गए। कार्यवाही में खाद्य सुरक्षा अधिकारी रतन गोदारा, राजेश कुमार नागर, पवन गुप्ता, नरेन्द्र शर्मा एवं लोकेश शर्मा मौजूद रहे।

बैठक में दस यूनियनों के प्रतिनिधि हुए शामिल

# विद्युत निगम में स्थानांतरण नीति और संगठनों की मांगों पर चर्चा

**बेधड़क** | जयपुर

विद्युत निगम में स्थानांतरण नीति बनाने और अन्य मांगों पर चर्चा के लिए बुधवार को विद्युत भवन में बैठक हुई। विद्युत निगम प्रशासन की ओर से मुख्य कार्मिक अधिकारी डिस्कॉम एसएन नाथावत, राजस्थान विद्युत उत्पादन निगम मुख्य कार्मिक अधिकारी आलोक और राजस्थान राज्य विद्युत प्रसारण निगम से जेडीपी आरवीपीएन मौजूद रहे। इस बैठक में दस यूनियनों के प्रतिनिधि भी शामिल हुए। राजस्थान विद्युत तकनीकी कर्मचारी एसोसिएशन की तरफ से प्रदेश कार्यालय मंत्री मोहम्मद आरिफ, प्रदेश उपाध्यक्ष अवधेश शर्मा और प्रदेश प्रचार मंत्री कैलाश सैनी ने तकनीकी कर्मचारियों की मांगों को आयोजित बैठक में बिंदुवार रखा। इसमें इंटर डिस्कॉम तबादला नीति बनाने, म्यूचुअल ट्रांसफर के लिए और अन्य सभी मांगों पर अपने विचार रखे।



### संगठनों ने रखे अपने मांग पत्र

इंजीनियर एसोसिएशन ऑफ राजस्थान, पावर इंजीनियर एसोसिएशन ऑफ राजस्थान से घनश्याम गुर्जर, प्रांतीय विद्युत मंडल मजदूर फेडरेशन राजस्थान, राजस्थान विद्युत श्रमिक महासंघ, राजस्थान राज्य विद्युत कर्मचारी फेडरेशन, राजस्थान बिजली वर्कर्स फेडरेशन, राजस्थान विद्युत कामगार एकता फेडरेशन, ऑल राजस्थान इलेक्ट्रिसिटी एम्पलाइज फेडरेशन से मोहम्मद युसुफ कुरैशी, राजस्थान विद्युत कर्मचारी संघ,के पदाधिकारी मौजूद रहे और उन्होंने भी अपने मांग पत्र रखे।

### बैठक में नहीं बुलाने पर जताई नाराजगी, ज्ञापन सौंपा

राजस्थान राज्य विद्युत मंडल अनुसूचित जाति /अनुसूचित जनजाति संस्था जयपुर के पदाधिकारी को इस मीटिंग में नहीं बुलाने पर यूनियन के अध्यक्ष युवराज आसीवाल ने मुख्य सचिव राजस्थान सरकार, अतिरिक्त मुख्य सचिव ऊर्जा विभाग और सीएमडी को ज्ञापन देकर अपनी नाराजगी जाहिर की।

## जरूरी खबर

### सांवरियाजी प्राकृट्य स्थल पर 53 लाख का चढ़ावा आया



**चित्तौड़गढ़।** भादसोडा चौराहा स्थित श्रीसांवरियाजी प्राकृटय जन्म स्थल पर भंडारे की राशि की गणना का काम पूरा हो गया। भंडारे से करीब 53 लाख रुपए की राशि निकली। मंदिर कमेटी के अधिकारी प्रहलाद सोनी ने बताया कि राजभोग आरती के बाद दान पात्र खोला गया। इसकी में एक चेक भी निकला, जो 1 लाख रुपए का था। वहीं भंडार से डेढ़ सौ ग्राम चांदी के आभूषण भी प्राप्त हुए। इस प्रकार चढ़ावा के रूप में कुल 53 लाख 49 हजार 482 रुपए की राशि प्राप्त हुई।

### 3 किलो अफीम जब्त, दो तस्कर गिरफ्तार

**अजमेर।** जिला पुलिस और एटीएस की संयुक्त कार्रवाई में राजसमंद से आ रही बस की जांच के दौरान दो जनों को 3 किलो 170 ग्राम अफीम के साथ गिरफ्तार किया गया है। एसपी देवेंद्र बिश्नोई ने बताया कि अफीम तस्करी के आरोप में रोशन कीर और प्रकाश बंजारा को गिरफ्तार किया गया है। दोनों आरोपी राजसमंद जिले के कांवरिया क्षेत्र के निवासी हैं। एसपी ने बताया कि मंगलवार देर रात गेगल टोल नाके के पास टीम ने राजसमंद से आने वाली एक बस को रुकवाया और यात्रियों के सामान की तलाशी ली गई। इस दौरान दोनों आरोपियों की तलाशी में एक के पास 2 किलो और दूसरे के पास 1 किलो 70 ग्राम अफीम जब्त की गई।

### महाराणा प्रताप जयंती समारोह आज, तैयारियां पूरी



**चाकसू।** कस्बे के महाराणा प्रताप सेंट्रल पार्क में गुरुवार को महाराणा प्रताप जयंती समारोह धूमधाम से मनाया जाएगा। इसको लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इससे पूर्व विधायक रामावतार बैरवा ने समारोह के पोस्टर का विमोचन किया। आयोजक समिति के अर्जुनसिंह राजावत ने बताया कि कार्यकर्ताओ को विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। जयंती के पोस्टर का श्रीराजपूत सभा के अध्यक्ष रामसिंह चंदलाई, एसएचओ कैलाश दान चारण, तहसीलदार संदीप कुमार, उपजिला अस्पताल पीएमओ डॉ. रितुराज मीणा, डॉ. रविंद्र नारोलिया, पूर्व नगर अध्यक्ष मदन लाभी, पार्षद दिनेश शर्मा, हेमसिंह राठौड़ सहित गणमान्य नागरिकों ने पोस्टर का विमोचन किया।

**मॉकड्रिल:** कंट्रोल रूम से सूचना मिलते ही पुलिस, क्यूआरटी... डीएसटी टीम सहित पहुंचा प्रशासनिक अमला

# सरकारी स्कूल में घुसे आतंकी... बम धमाकों से सहमे लोग!

बेधड़क | दौसा

जिला मुख्यालय पर स्थित रामकरण जोशी स्कूल में बुधवार दोपहर आतंकवादियों के घुसने की सूचना पर जिला प्रशासन में हड़कंप मच गया। इस दौरान कंट्रोल रूम पर सूचना के 5 मिनट बाद ही दौसा कोतवाली पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गई।

वहीं, अन्य थानों की पुलिस सहित, क्यूआरटी, डीएसटी, डीएसबी सहित कई हथियार बंद जवान 15 से 20 मिनट के अंदर घटनास्थल पर पहुंच गए। आतंकवादियों की सूचना मिलना मॉकड्रिल का हिस्सा होने की



जानकारी पर प्रशासन ने राहत की सांस ली। इस पूरे प्लान की मॉनिटरिंग दौसा एसपी रंजिता शर्मा और एडिशनल एसपी दिनेश अग्रवाल की ओर से की जा रही थी। दरअसल, बुधवार दोपहर को कंट्रोल रूम पर सूचना आई कि जिला मुख्यालय पर स्थित रामकरण जोशी स्कूल में कुछ हथियारबंद लोग घुसे हैं, जिन्होंने अपना चेहरा छुपा रखा है। उनकी गतिविधि आतंकवादियों जैसी लग रही है। जानकारी मिलने के करीब 5 मिनट बाद ही कोतवाली थाना पुलिस मौके पर पहुंची। यहां कुछ लोगों ने स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों को कमरों के अंदर ही हाइजैक कर रखा था। मौके पर एडिशनल एसपी दिनेश अग्रवाल, एडीएम, डीएसपी, क्यूआरटी की टीम, फायर ब्रिगेड टीम भी घटनास्थल पर पहुंच गई। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम को छोड़कर लगभग सभी अधिकारी करीब 20 मिनट में घटनास्थल पर पहुंच गए थे।

#### धमाकों से घबराए शहरवासी

स्कूल के अंदर बार-बार बम के धमाकों की आवाज आ रही थी, जिससे स्कूल के बाहर खड़े प्रशासन के अधिकारी और आसपास रहने वाले शहरवासी भी एक बार के लिए घबरा गए। इस दौरान एडिशनल एसपी दिनेश अग्रवाल के नेतृत्व में हथियार बंद जवान स्कूल के अंदर घुसे और 2 संदिग्धों को हिरासत में ले लिया। ये पूरी कार्रवाई मॉकड्रिल होने की सूचना पर प्रशासन ने राहत की सांस ली।

#### स्वास्थ्य महकमे पर खड़े हुए सवाल

इस पूरी कार्रवाई के दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम सबसे लेट घटनास्थल पर पहुंची। दौसा में एंबुलेंस नहीं होने के कारण सिकंदरा अस्पताल से एंबुलेंस घटनास्थल पर बुलाई गई। ऐसे में एक बार फिर से स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली सवालों के घेरे में नजर आ रही है। एडिशनल एसपी दिनेश शर्मा ने बताया कि ये पूरी कार्रवाई मॉकड्रिल थी, जिसमें सभी विभागों की कार्यप्रणाली देखी जाती है। इसके चलते इस पूरी घटना को असली घटना की तरह से अंजाम दिया गया था।

**46 मोबाइल सहित अन्य सामान जब्त,** आरोपियों में पांच नाबालिग

# 23 साइबर ठग पकड़े... हजारों लोगों से की करोड़ों की ठगी

बेधड़क | भरतपुर

संभाग में साइबर अपराधियों की कमर तोड़ने के लिए चलाए जा रहे ऑपरेशन एंटी वायरस के तहत भरतपुर रेंज की 6 जिलों की पुलिस ने बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। पुलिस ने दो दिन में विधि से संघर्षरत 5 बालकों समेत कुल 23 साइबर अपराधियों को दबोचा है। ये अपराधी अब तक 1 हजार से अधिक लोगों को ठगी का शिकार बना चुके हैं।

साथ ही ठगी के लिए इस्तेमाल किए जा रहे 46 मोबाइल समेत अन्य सामान भी जब्त किया है। आईजी राहुल प्रकाश ने बताया कि ऑपरेशन एंटी वायरस के तहत सभी जिलों की पुलिस ने दो दिन में कार्रवाई कर 23 साइबर अपराधियों को पकड़ा है। इसके अलावा 5 बाल अपचारियों को भी निरुद्ध किया है। इनमें से सबसे ज्यादा पहाड़ी थाना क्षेत्र से 2 साइबर अपराधी, सीकरी से 10 अपराधी, जुरहरा थाना से 6 साइबर अपराधी पकड़े हैं। वहीं पहाड़ी थाना क्षेत्र से विधि से संघर्षरत 2 बालक व सीकरी से 3 बालकों को निरुद्ध किया है। आईजी ने बताया कि



#### ऐसे बनाते थे लोगों को शिकार

आईजी राहुल प्रकाश ने बताया कि अपराधियों द्वारा लोगों को किराए के फ्लैट का झांसा देकर सैक्सचैट के माध्यम से व अन्य विभिन्न प्रकार का झांसा देकर ठगी का शिकार बनाया जाता है। जंगलों में एकत्रित होकर ठगी की वारदातों को अंजाम देते हैं। उसके बाद ठगी के शिकार लोगों से फर्जी अकाउंट में पैसे डलवाकर एटीएम के माध्यम से विड्रा कराकर आपस में बांट लेते हैं। फर्जी अकाउंट नंबर गैंग के सदस्यों को उपलब्ध कराकर अलवर और गुड़गांव जैसे शहरों से कमीशन के आधार पर पैसे निकलवाने का काम करते हैं।

#### अपराधियों की लोकेशन में 34% कमी

आईजी राहुल प्रकाश ने बताया कि पूरे संभाग में 1 मार्च से ऑपरेशन एंटी वायरस के तहत लगातार कार्रवाई की जा रही है। जिसकी वजह से संभाग में साइबर अपराधियों की लोकेशन में 34 प्रतिशत की कमी आई है। यह जानकारी राष्ट्रीय स्तर के आंकड़े से मिली है।

गिरफ्तार किए गए आरोपियों ने पूछताछ में बताया है कि वो अब तक एक हजार से अधिक लोगों से करोड़ों रुपए की ठगी कर चुके हैं। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। गैंग के सदस्यों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस ने 46 मोबाइल, 6 सिम व एक एटीएम, 3 चैकबुक, 4 जमीन खरीद की रजिस्ट्री, 1 क्रेटा कार, 1 ट्रैक्टर और 2 मोटर साइकिल बरामद की है।

### पारदी गिरोह ने किसान के घर बोला हमला, नकदी व गहने लूटे

**बारां।** छबड़ा क्षेत्र में पारदी गिरोह आतंक बढ़ता ही जा रहा है। मंगलवार रात क्षेत्र के कोटरा पर ग्राम पंचायत के ग्राम बिदनवास में गिरोह के एक दर्जन से अधिक सदस्यों ने एक किसान के मकान पर धावा बोल दिया। लगभग 3 लाख की रुपए की लूट को अंजाम दिया है। छबड़ा डीएसपी जयप्रकाश अटल ने बताया कि मंगलवार रात्रि को पारदी गिरोह के एक दर्जन से अधिक अपराधियों ने क्षेत्र के ग्राम पंचायत कोटरा पार के ग्राम बिदनवास में ग्रामीण सीताराम यादव पुत्र हरनाम सिंह के मकान पर धावा बोल कर 61 हजार नकदी एवं करीब 3 लाख के आभूषण लूट लिए। इस दौरान पारदी गिरोह ने सीताराम यादव पर गुलेल से आंख पर हमला कर गंभीर घायल कर दिया। उसे कोटा चिकित्सालय में इलाज के लिए ले जाया गया। तीतर खेड़ी निवासी भाजपा नेता पराक्रम सिंह ने बताया कि मध्य प्रदेश से लगती हुई अंतरराज्यीय सीमा में इन पारदी गिरोह का आतंक फैला हुआ है। 8 दिन पूर्व कराडिया पर निवासी बलराम एवं सत्यनारायण जाट से किसी गिरोह ने मोटरसाइकिल एवं 30 हजार की नकदी लूट ली। तीतर खेड़ी निवासी रूप सिंह एवं रामनाथ सिंह से मोटरसाइकिल मोबाइल एवं नगदी लूट ली गई।

#### सिंघवी की पुलिस अधिकारियों से वार्ता

ग्रामीणों ने पारदी गिरोह के आतंक की जानकारी छबड़ा विधायक प्रताप सिंह सिंघवी को दी। इसके बाद सिंघवी ने जिला पुलिस अधीक्षक सहित उच्च अधिकारियों से वार्ता कर मध्य प्रदेश की सीमा से जुड़े इस क्षेत्र में अतिरिक्त पुलिस बल तैनाती करने की मांग रखी। ग्रामीणों के साथ हुई इन वारदातों के दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

**देवड़ा वन्यजीव संरक्षण सेंटर को सौंपा**

## बाड़मेर में दिखा दुर्लभ प्रजाति का सफेद हिरण, किसान परिवार ने बचाया



बेधड़क | बाड़मेर

दुर्लभ और विलुप्त होती सफेद हिरण की प्रजाति ऐसे तो कम ही देखने को मिलती है, लेकिन बाड़मेर जिले में सफेद हिरण का एक बच्चा देखा गया। इस खबर से प्रदेश के वन्यजीव प्रेमी बहुत खुश हैं और आलम यह है कि लोग इस सफेद हिरण के बच्चे को देखने के लिए दूर-दूर से आ रहे हैं।

वहीं, जिले के वन्यजीव प्रेमी एक किसान परिवार ने इस सफेद हिरण के बच्चे को श्वानों से बचाया, जिनकी अब सभी प्रशंसा कर रहे हैं। जम्भेश्वर वाइड लाइफ एनवायरनमेंट संस्था के जिला अध्यक्ष भंवरलाल भादू ने बताया कि एक डेढ़ माह पहले सियागो का तला गांव में आरक्षित वन भूमि में श्वानों के झुंड से घिरा एक सफेद हिरण का छोटा बच्चा मिला। ये हिरण किसान बाबूलाल सियाग को मिला। ऐसे में उन्होंने इस सफेद हिरण के बच्चे को श्वानों से बचाया और फिर उसे अपने घर ले आए। इसके बाद कई दिनों तक उसे बकरी का दूध, हरा चारा आदि खिलाकर उसका पालन-पोषण किया। उन्होंने बताया कि वन्यजीव के स्वच्छंद विचरण और उनके कुनबे में छोड़ने के लिए सोमवार को सफेद हिरण के बच्चे को देवड़ा वन्यजीव संरक्षण सेंटर के संचालक पीराराम धायल को सौंप दिया गया। भंवरलाल भादू ने बताया कि जिले के धोरीमन्ना इलाके में झाकरड़ा रण में कई सालों पहले सफेद हिरण हुआ करते थे, लेकिन अब सफेद हिरण की प्रजाति कम देखने को मिलती है। यह प्रजाति धीरे-धीरे विलुप्त हो रही है। उन्होंने बताया कि यह तीसरा मामला है। इससे पहले भी दो बार इस इलाके में सफेद हिरण देखे गए हैं।

**ठूंस-ठूंसकर भरे थे 28 गोवंश,** दम घुटने से एक की मौत

## RTO ने पकड़ा गोवंश से भरा ट्रक

बेधड़क | दौसा

पुलिस ने आरटीओ की सूचना के माध्यम से बुधवार सुबह गोवंश से भरे एक ट्रक को पकड़ा है, लेकिन कार्रवाई के दौरान ट्रक का चालक और खलासी भागने में कामयाब हो गए। इस दौरान पुलिस ने ट्रक में भरे गोवंश को आजाद कर ट्रक को जब्त कर लिया। एक गोवंश की दम घुटने से मौत हो गई।

ट्रक के नंबरों के आधार पर मालिक की तलाश की जा रही है। कोतवाली थाने के सब इंस्पेक्टर रघुराज सिंह ने बताया कि दौसा आरटीओ की टीम बुधवार सुबह कलेक्ट्री सर्किल



के पास वाहनों की जांच कर रही थी। इस दौरान आरटीओ ने एक ट्रक रुकवाया, लेकिन चालक ट्रक को भगाकर ले गया। ऐसे में आरटीओ ने ट्रक का पीछाकर उसे रुकवाया और टैक्स जमा करवाने के लिए आरटीओ ऑफिस लाया जा रहा था। इस बीच टॉयलेट का बहाना बनाकर ट्रक का चालक और खलासी मौके से भाग गए। तिरपाल से ढके ट्रक में कुछ संदिग्ध सामान होने का संदेह होने पर आरटीओ टीम ने तिरपाल हटाया तो उसमें बड़ी संख्या में गोवंश भरा हुआ मिला। इसकी सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने ट्रक में भरे गोवंश को बाहर निकाला। तस्करों ने गोवंश के पैर और जबड़े रस्से से बांध रखे थे।

वहीं एक गोवंश की मौत हो चुकी थी। सब इंस्पेक्टर रघुराज ने बताया कि ट्रक में 28 गोवंश को बुरी तरह से ठूंस-ठूंसकर भरा हुआ था। गोवंश को गोशाला में शिफ्ट कराया गया है। घायल गोवंश का इलाज करवाया जा रहा है।

**अक्षय तृतीया के मौके पर 10 को मनेगा जयंती पर्व**

## भगवान परशुराम की निकलेगी शोभायात्रा

बेधड़क | चाकसू

कस्बे में भगवान परशुराम की जयंती 10 मई को अक्षय तृतीया के मौके पर हर्षोल्लास के साथ मनाई जाएगी। इस मौके पर विप्र समाज की ओर से शोभायात्रा, पूजा-अर्चना सहित कई कार्यक्रम होंगे।

विप्र सेना नगर अध्यक्ष एवं पार्षद दिनेश शर्मा ने बताया कि भगवान परशुराम का जन्म वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को हुआ था। इस दिन अक्षय तृतीया का पर्व भी मनाया जाता हैं। भगवान परशुराम ने सनातन धर्म को बढ़ाने का काम किया था। परशुराम भगवान को विष्णु का छठा अवतार भी माना जाता है।



चाकसू में 10 मई को आयोजित होने वाले परशुराम जयंती आयोजन को ऐतिहासिक बनाने के लिए चाकसू कस्बा व ग्रामीण क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान में अधिक से अधिक संख्या में ब्राह्मण समाज के लोगों से शामिल होने की अपील की जा रही है। पार्षद शर्मा ने बताया कि बताया कि परशुराम जन्मोत्सव पर शाही लवाजमें के कलश व शोभायात्रा कस्बे के वार्ड -17 स्थित नीलकंठ हनुमान महादेव मंदिर से पूजा-अर्चना के साथ सुबह 8 बजे से प्रारंभ होगी। इसके बाद कोटखावदा मोड, मुख्य बाजार, श्रीराम मंदिर चौराहा, फांसी मार्केट, फागी मोड होते हुए महर्षि गौतम बगीची पहुंचेगी कलश व शोभा यात्रा में लगभग 2000 अधिक ब्राह्मण समाज की महिलाएं व पुरुष शामिल होंगे।

कार्यक्रम में विप्र सेना प्रमुख सुनील तिवारी, भाजपा पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी, युवा प्रदेश अध्यक्ष कुलदीप शर्मा, हरियाणा ब्राह्मण समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष बिरदी चंद, विप्र सेना युवा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष रवि जोशी सहित ब्राह्मण समाज के वरिष्ठ व स्थानीय ब्राह्मण समाजबंधु शामिल होंगे।

**स्टेशन मास्टर की तत्परता से टला बड़ा हादसा**

# साबरमती एक्सप्रेस में लगी आग से यात्रियों में हड़कंप

बेधड़क | दौसा

जिले के भांकरी रेलवे स्टेशन पर बुधवार दोपहर करीब 11:30 बजे लखनऊ से साबरमती जा रही साबरमती एक्सप्रेस ट्रेन में अचानक आग लग गई। आगजनी की घटना की सूचना मिलते ही ट्रेन में बैठे लोगों में हड़कंप मच गया।

वहीं, भांकरी स्टेशन पर ट्रेन में बैठे सभी यात्री नीचे उतर गए। ऐसे में भांकरी स्टेशन पर अफरा-तफरी का माहौल हो गया। रेलवे के सीपीआरओ शशिकिरण ने बताया कि लखनऊ से साबरमती जा रही साबरमती एक्सप्रेस ट्रेन में भांकरी स्टेशन मास्टर द्वारा आग लगने की सूचना मिली थी। सीपीआरओ ने बताया कि जनरल कोच के व्हील में ब्रेक ब्लॉक होते



हैं, वो अत्यधिक गर्मी के कारण चिपक जाते हैं। इसके कारण उसमें से धुंआ निकल रहा था। ऐसे में स्टेशन मास्टर ने तत्परता दिखाते हुए ट्रेन में मौजूद गॉर्ड को इसकी सूचना दी। इसके बाद ट्रेन को भांकरी स्टेशन पर रोककर स्टेशन पर लगे फायर सिस्टम से आग को बुझा दिया गया और ट्रेन को रवाना कर दिया गया। स्टेशन मास्टर की तत्परता से बड़ा हादसा टल गया।

#### गेट मैन ने देखी आग

बुधवार को लखनऊ से साबरमती जा रही ट्रेन संख्या 19402 जब फाटक संख्या 168 से गुजर रही थी। तभी गेट मैन को ट्रेन के जनरल कोच के व्हील से चिंगारी निकलती हुई दिखाई दी। इसकी सूचना गेट मैन ने भांकरी स्टेशन मास्टर को दी। सूचना मिलने पर भांकरी स्टेशन मास्टर ने ट्रेन में मौजूद गॉर्ड को इसकी जानकारी दी गई। इसके चलते 11:39 बजे ट्रेन को भांकरी स्टेशन पर रुकवा लिया गया। इस दौरान बिना स्टॉप के गाड़ी को भांकरी स्टेशन पर रोकने की वजह पूछने पर ट्रेन में मौजूद यात्रियों को आग लगने का पता चला, जिससे ट्रेन में मौजूद सवारियों में हड़कंप मच गया।

#### 16 मिनट में पाया आग पर काबू

ट्रेन से सवारियों के उतरने के बाद भांकरी स्टेशन और ट्रेन में मौजूद फायर सिस्टम से रेलवे कर्मचारियों ने ट्रेन में लगी आग पर काबू पा लिया। करीब 16 मिनट में आग को काबू में कर लिया गया, जिससे बड़ी घटना घटित होने से टल गई। इसके बाद करीब 20 मिनट बाद ट्रेन को साबरमती के लिए रवाना किया गया। ट्रेन के रवाना होने के बाद रेलवे कर्मचारियों ने राहत की सांस ली।

## सगाई के 4 दिन बाद ही पटवारी घूस लेते पकड़ी

बेधड़क | सीकर

घूसखोर अधिकारियों व कार्मिकों पर एसीबी की कार्रवाई लगातार जारी है। इसी क्रम में बुधवार को सीकर में एसीबी टीम ने महिला पटवारी को 3 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा। आरोपी महिला पटवारी की 4 दिन पहले ही सगाई हुई थी। सगाई के बाद काम पर लौटते ही एसीबी के ट्रैप में वह रंगे हाथ पकड़ी गई। अब टीम आरोपी महिला पटवारी के घर और ठिकानों की तलाशी लेने में जुटी है।

जानकारी के अनुसार एसीबी की यह कार्रवाई सीकर जिले के फतेहपुर में हुई, जहां उदनसर हलका पटवारी निकिता कुमारी को घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया। आरोपी पटवारी से टीम में



शामिल लोग पूछताछ कर रहे हैं। पटवारी निकिता झुंझुनूं जिले के देवरोड की रहने वाली है। उसकी 3 मई को सगाई हुई थी। जिसके बाद मंगलवार को उसने ऑफिस जोइन किया था। इसके एक दिन बाद ही वह रिश्वतखोरी के मामले में रंगे हाथ गिरफ्तार हुई। उसने विरासत नामांतरण भरने की एवज में 3 हजार रुपए मांगे गए थे। सीकर एसीबी डिप्टी रविंद्र सिंह ने बताया कि परिवादी ने शिकायत दी थी।

### निम्स विवि में नेशनल फुटबॉल चैम्पियनशिप की राजस्थान फुटबॉल टीम की जर्सी लॉन्च व टीम फोटो सेशन हुआ

# प्रोफेशनल फुटबॉल लीग के लिए निम्स खोलेगी फुटबॉल एकेडमी

बेधड़क | जयपुर

छत्तीसगढ में आयोजित होने वाली अंडर 20 नेशनल फुटबॉल चैम्पियनशिप के लिए राजस्थान फुटबॉल टीम की जर्सी की लॉन्चिंग और टीम फोटो सेशन कार्यक्रम हुआ। निम्स विश्वविद्यालय और राजस्थान फुटबॉल एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुए समारोह में फर्स्ट इण्डिया न्यूज के डायरेक्टर, महिपाल सिंह निम्बाडा बतौर अतिथि मौजूद रहे। निम्स चेयरपर्सन डॉ. बी.एस. तोमर के निर्देशानुसार एडवाइजर प्रो. अमेरिका सिंह की अध्यक्षता में निम्स विश्वविद्यालय प्रशासन एवं युनिवर्सिटी स्पोर्ट्स बोर्ड ने राजस्थान की फुटबॉल टीम के खिलाडियो को अत्याधुनिक अन्तरराष्ट्रीय स्तर के स्पोर्ट्स उपकरण एवं खेल मैदान उपलब्ध करवाने की दिशा में प्रतिबद्धता को दर्शाया।

निम्स विश्वविद्यालय की वाईस चेयरपर्सन डॉ. शोभा तोमर ने बताया कि टीम की जर्सी के अनावरण से आगामी नेशनल चैंपियनशिप की एक प्रतीकात्मक शुरुआत हुई, जो एकता और दृढ़ संकल्प की भावना को समाहित करती है एवं राजस्थान फुटबॉल टीम को प्रोत्साहित करती है। निम्स यूनिवर्सिटी के चेयरपर्सन डॉ. बी. एस. तोमर ने टीम को अपना आशीर्वाद दिया और उनकी यात्रा के केंद्र में खेल भावना और सौहार्द के मूल्यों को रेखांकित किया। इस दौरान अंडर 20 नेशनल फुटबॉल चैम्पियनशिप के लिए राजस्थान फुटबॉल टीम की जर्सी लॉन्च की साथ ही टीम फोटो सेशन सम्पन्न हुआ।



### समारोह में ये हुए शामिल

समारोह में संकाय अध्यक्ष एवं प्राचार्य डॉ. मनोज श्रीवास्तव, डॉ. उज्जवल चौधरी, डॉ. अल्का विजय, डॉ. अनुपमा पाण्डेय, डॉ. प्रमोद शर्मा, डॉ. अजीत सहारण, डॉ. दीपिका वार्ष्णेय, डॉ. विनय नैयर, सुनिता यादव, डॉ. गोविन्द उपाध्याय एवं राजस्थान फुटबॉल संघ के वरिष्ठ कोच रवि प्रकाश शर्मा, धौलपुर संघ के सचिव गुरमीत, मेनेजमेंट कॉन्स्टेबल निपून बल्ला सहित लोग मौजूद रहे।

### अतिथियों ने की स्पोर्ट्स बोर्ड की सराहना

निम्स विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ. संदीप त्रिपाठी ने टीम को हार्दिक शुभकामनाएं दीं और उनके प्रयासों में अटूट समर्थन और विश्वास व्यक्त किया। क्योंकि वे राष्ट्रीय मंच पर राजस्थान का प्रतिनिधित्व करने की तैयारी कर रहे हैं। समारोह में विशिष्ट अतिथि डॉ. अशोक आचार्य, राज्यपाल प्रतिनिधि बोम मेम्बर राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय, जयपुर ने खेल एवं खिलाडियो की उत्कृष्टता को बढ़ावा देने और भावी पीढ़ी के चैंपियनों के उभरने का मार्ग प्रशस्त करने के क्षेत्र मे निम्स यूनिवर्सिटी स्पोर्ट्स बोर्ड की प्रतिबद्धता की सराहना की। कार्यक्रम संयोजक डॉ. कुलदीप सिंह झाला ने निम्स युनिवर्सिटी स्पोर्ट्स बोर्ड के माध्यम से तथा राजस्थान फुटबॉल संघ के सहयोग से राष्ट्रीय स्तर के फुटबॉल मैदान को तैयार करने की दिशा मे शीघ्र कार्य प्रारंभ करने का प्रस्ताव रखा। जिस पर एडवाइजर, प्रो. अमेरिका सिंह ने सहमति जताई। राजस्थान फुटबॉल संघ के सचिव दिलीप सिंह शेखावत ने राजस्थान फुटबॉल टीम के खिलाडियो को प्रोत्साहित किया।

## Yuva स्टोरीज

### सास और बहू ने की परिवार नियोजन पर सार्थक चर्चा



बेधड़क | जयपुर

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से मिशन परिवार विकास कार्यक्रम के तहत जिले में सास-बहू सम्मलेन आयोजित किए जा रहे है। विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से उन्हें विभाग की ओर से उपलब्ध करवाए जा रहे परिवार नियोजन के साधनों और योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जयपुर द्वितीय डॉ. हंसराज भदालिया ने बताया कि चाकसू ब्लॉक, चंदलाई प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर "सास बहू सदा सुखी रहो समारोह" का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य परिवार नियोजन व परिवार नियोजन के साधनों के बारे में जानकारी विकसित करना था। कार्यक्रम के दौरान खेल के माध्यम से सास और बहू मे परिवार नियोजन की जानकारी साझा की गई। शादी के बाद पहले बच्चे में 2 साल की देरी और दूसरे बच्चे में 3 साल का अंतराल के बारे में चर्चा हुई। इसके अलावा उन्हें परिवार कल्याण के स्थाई-अस्थाई साधन अपनाने के लिए नजदीकी चिकित्सा संस्थानों पर उपलब्ध सेवाओं की जानकारी भी दी गई।

कार्यक्रम में पीएचसी चंदलाई के चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ. गोविंद कुमार शर्मा, एसएचएस मोहिनी अग्रवाल, एएनएम कौशल्या देवी, आशा सुपरवाइजर, आशा सहयोगिनी और आईडीएफ डेवलपमेंट फाउंडेशन के स्टेट डायरेक्टर श्री अरुण नायर व उनकी टीम उपस्थित रहे। जयपुर।

### IIS में हुई सेवानिवृत्ति योजना पर कार्यशाला



बेधड़क | जयपुर

केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, नई दिल्ली और इण्डिया इंटरनेशनल स्कूल, मानसरोवर जयपुर की ओर से बुधवार को आईआईएस के एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में सेवानिवृत्ति योजना पर एक कार्यशाला हुई। कार्यशाला के मुख्य वक्ता पंकज सिमलोट, मैक्स लाइफ पेंशन से वरिष्ठ बिक्री प्रबंधक रहे। कार्यशाला में इंडिया इंटरनेशनल स्कूल, जयपुर के शिक्षकों समेत जयपुर के ट्योलर हाई स्कूल, एशियन वर्ल्ड स्कूल, ब्लू हेवन विद्यालय, विद्यासागर सीनियर सेकेंडरी स्कूल, एसजी इंटरनेशनल, स्कूल और सेंट जेवियर्स स्कूल नेवटा के शिक्षकों ने हिस्सा लिया। विद्यालय की उप प्राचार्या निधि जोधा ने सभी आगन्तुकों का आभार जताया।

### मार्क्स वेरिफिकेशन चौथे दिन तो फोटो कॉपी 19वें दिन

बेधड़क | जयपुर

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने साल 2024 की 10वीं व 12वीं परीक्षा का परिणाम घोषित नहीं किया है। परिणाम से असंतुष्ट विद्यार्थियों को अंकों के सत्यापन के लिए प्रस्तावित शेड्यूल जारी कर दिया है।

परिणाम घोषित होने की तिथि से चौथे दिन से 8वें दिन तक अंकों के सत्यापन के लिए ऑनलाइन आवेदन किए जा सकेंगे। इसी तरह उत्तर पुस्तिका की फोटो कॉपी लेने के लिए परिणाम घोषित होने की तिथि से 19वें दिन से 20 वें दिन तक और पुनर्मूल्यांकन के लिए परिणाम घोषित होने की तिथि से 24वें दिन से 25 वें दिन तक आवेदन कर सकेंगे। बोर्ड के परीक्षा नियंत्रक डॉ. संयम भारद्वाज के अनुसार प्रदर्शन से असंतुष्ट विद्यार्थियों को यह सुविधा दी जाती है लेकिन यह देखने में आया है कि कई विद्यार्थी और अभिभावक इन सुविधाओं का लाभ लेने के लिए अंतिम तिथि समाप्त होने के बाद बोर्ड से किसी बहाने संपर्क करते हैं। इसीलिए यह सूचित किया जाता है कि ये गतिविधियां दिल्ली मुख्यालय से हैं और इनका लाभ केवल ऑनलाइन ही उठाया जा सकता है। अंतिम तिथि के बाद और ऑफलाइन 'मोड में कोई भी अनुरोध बोर्ड की ओर से स्वीकार नहीं किया जाएगा।

### परीक्षा से 3 दिन पहले अपलोड होंगे प्रवेश-पत्र

# संदिग्ध अभ्यर्थियों पर रखी जाएगी पैनी नजर

### 639 परीक्षा केंद्रों पर जयपुर-अजमेर में आयोजित होगी सहायक आचार्य, लाइब्रेरियन एवं पीटीआई भर्ती परीक्षा

बेधड़क | अजमेर

राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से सहायक आचार्य, पुस्तकालयाध्यक्ष एवं शारीरिक प्रशिक्षण अनुदेशक (कॉलेज शिक्षा विभाग) की 27 विभिन्न ऐच्छिक विषयों की परीक्षाएं अजमेर एवं जयपुर मुख्यालय पर 16 से 24 मई तक एवं 28 मई से 2 जून तक निर्धारित कार्यक्रमानुसार आयोजित की जाएगी। इसमें सुबह 9 बजे से 12 बजे तक प्रश्न पत्र- प्रथम एवं दोपहर 2.30 बजे से 5.30 बजे तक प्रश्न पत्र- द्वितीय की परीक्षाएं होगी। इन परीक्षाओं में प्रत्येक प्रश्न-पत्र के लिए ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक के पांचवें विकल्प को भरने के लिए 10 मिनट का अतिरिक्त समय दिया जाएगा।

आयोग सचिव ने बताया कि इन परीक्षाओं के प्रवेश-पत्र आयोग की वेबसाइट एवं एसएसओ पोर्टल पर संबंधित परीक्षा से तीन दिन पूर्व जारी किए जाएंगे। इस अनुसार अभ्यर्थी यथाशीघ्र प्रवेश-पत्र डाउनलोड कर सकेंगे। प्रवेश-पत्र आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध एडमिट कार्ड लिंक के माध्यम से आवेदन-पत्र क्रमांक व जन्म दिनांक प्रविष्ठ कर डाउनलोड किए जा सकेंगे।

इसके अतिरिक्त एसएसओ पोर्टल पर लॉगिन कर सिटीजन ऐप्स में उपलब्ध रिक्रूटमेंट पोर्टल लिंक से भी प्रवेश-पत्रों को डाउनलोड किया जा सकता है। परीक्षा के लिए आवंटित जिले की जानकारी परीक्षा दिनांक से सात दिवस पूर्व एसएसओ पोर्टल पर लॉगिन कर प्राप्त की जा सकेगी।

वहीं परीक्षा केंद्र परीक्षा शुरू होने से एक घंटें पहले बंद हो जाएगा । परीक्षा केन्द्र पर किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा प्रारंभ होने के 60 मिनट पूर्व तक ही प्रवेश दिया जाएगा। इसके बाद किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा केंद्र पर प्रवेश नहीं दिया जाएगा। ऐसे में अभ्यर्थी परीक्षा के दिन परीक्षा प्रारंभ होने के लिए नियत समय से पर्याप्त समय पूर्व परीक्षा केंद्रों पर आवश्यक रूप से उपस्थित हो जाएं ताकि सुरक्षा जांच एवं पहचान का कार्य समय पर पूर्ण हो सके। देरी से आने पर तलाशी में समय लगने के कारण परीक्षा में शामिल होने से वंचित हो सकते हैं।



#### 16 मई से 2 जून तक होगी परीक्षा

आयोग के मुख्य परीक्षा नियंत्रक आशुतोष गुप्ता ने बताया कि विषयवार निर्धारित कार्यक्रमानुसार 27 विभिन्न विषयों की परीक्षाओं का आयोजन अजमेर में 221 एवं जयपुर में 418 कुल 639 परीक्षा केंद्रों पर किया जाएगा। 16 मई से 24 मई तक आयोजित होने वाली 19 विषयों की परीक्षाओं का आयोजन अजमेर एवं जयपुर मुख्यालय दोनों पर किया जाएगा जबकि 28 मई से 2 जून तक 8 विषयों की परीक्षाओं का आयोजन मात्र अजमेर जिला मुख्यालय पर निर्धारित कार्यक्रमानुसार किया जाएगा।

#### कड़ी सुरक्षा के साथ परीक्षा की तैयारी, आज होगी वीसी

इधर, परीक्षा की तैयारियों के लिए समीक्षा एवं परीक्षा में अनुचित साधनों व नकल जैसी अवांछित गतिविधियों की रोकथाम के लिए कार्ययोजना के संबंध में 9 मई को दोपहर 12 बजे आयोग द्वारा समीक्षा बैठक का आयोजन वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से किया जाएगा। बैठक में अतिरिक्त महानिदेशक, पुलिस, एसओजी एवं एटीएस, जयपुर, जिला कलक्टर, अजमेर व जयपुर, पुलिस आयुक्त जयपुर, पुलिस अधीक्षक अजमेर, अतिरिक्त जिला कलक्टर एवं परीक्षा समन्वयक अजमेर व जयपुर, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त (परीक्षा प्रभारी) पुलिस आयुक्तालय जयपुर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं पुलिस नोडल अधिकारी अजमेर, संयुक्त निदेशक स्कूल शिक्षा अजमेर व जयपुर तथा जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) अजमेर व जयपुर के साथ विचार विमर्श किया जाएगा।

#### संदिग्धों की सूची पुलिस, SOG को सौंपी

आयोग सचिव ने बताया कि परीक्षाओं के सुचारू एवं शुचितापूर्ण आयोजन के दृष्टिगत् राजस्थान लोक सेवा आयोग एवं अन्य भर्ती संस्थाओं द्वारा भर्ती परीक्षाओं में सम्मिलित होने से विवर्जित/ संदिग्ध अभ्यर्थियों की सूची अतिरिक्त महानिदेशक- एसओजी, संबंधित जिला कलक्टर एवं पुलिस अधीक्षकों को भेजकर इनकी उपस्थिति परीक्षा दौरान अजमेर एवं जयपुर स्थित परीक्षा केंद्रों के आसपास न रहने देने व सघन निगरानी रखने का आग्रह किया गया है। आयोग के अनुसार इन अभ्यर्थियों द्वारा प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से भर्ती परीक्षाओं की शुचिता को खंडित करने का प्रयास किया जा सकता है।

#### मूल आधार कार्ड लाना होगा

अभ्यर्थियों को पहचान के लिए परीक्षा केंद्र पर मूल आधार कार्ड (रंगीन प्रिंट) तथा यदि मूल आधार कार्ड पर फोटो पुरानी अथवा अस्पष्ट है तो अन्य मूल फोटो युक्त पहचान-पत्र यथा मतदाता पहचान-पत्र, ड्राइविंग लाइसेंस जिसमें रंगीन एवं नवीनतम स्पष्ट फोटो लाना होगा।

#### ये सामग्री ले जा सकते हैं परीक्षा केंद्र में

परीक्षा में प्रवेश-पत्र, रंगीन फोटो, फोटोयुक्त मूल पहचान-पत्र, नीली स्याही का पारदशी बॉल पेन, दिव्यांगजन प्रमाण-पत्र, वचन-पत्र, श्रुतलेखक की शैक्षणिक योग्यता/ (वचन-पत्र यदि लागू हो) के अतिरिक्त किसी भी प्रकार की अन्य सामग्री परीक्षा केंद्र के भीतर ले जाना पूर्णतया प्रतिबंधित रहेगा। अनुमत सामग्री के अतिरिक्त किसी भी प्रकार की अन्य सामग्री पाए जाने की स्थिति में परीक्षा में अनुचित साधन अपनाये जाने एवं अनुचित कृत्यों में संलिप्त होने पर राजस्थान सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम के अध्युपाय) अधिनियम, 2022 के तहत आजीवन कारावास, 10 करोड़ रुपए तक के जुर्माने से दण्डित एवं चल अचल संपत्ति कुर्क कर जब्त की जा सकती है।

### SKIT: वर्कशॉप में दिए सड़क सुरक्षा पर टिप्स



बेधड़क | जयपुर

स्वामी केशवानंद इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, मैनेजमेंट एंड ग्रामोत्थान (एसकेआईटी) ने मुस्कान फाउंडेशन फॉर रोड सेफ्टी और केराकोल कंपनी के सहयोग से सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने में इंजीनियरों की क्षमता बढ़ाने के उद्देश्य से एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया।

कार्यशाला में जयपुर विकास प्राधिकरण, PWD, NHAI और RSRDC जैसी प्रमुख संस्थाओं चालीस से अधिक इंजीनियरों ने भाग लिया। एसकेआईटी से प्रोफेसर डॉ. एस. एल. सुराणा और मुस्कान फाउंडेशन फॉर रोड सेफ्टी के ट्रस्टी शांतनु भसीन ने कार्यशाला का उद्घाटन किया। मुख्य व्याख्यान पंजाब सड़क सुरक्षा और यातायात अनुसंधान केंद्र के निदेशक डॉ. नवदीप असीजा द्वारा दिया गया। डॉ. असिजा ने "गैर-मोटर चालित प्रणाली योजना - चलने का अधिकार" विषय के तहत पैदल यात्री सुरक्षा के अनिवार्य पहलुओं पर प्रकाश डाला।

कार्यशाला में एसकेआईटी के एसोसिएट प्रोफेसर अनिरुद्ध माथुर और नेहा खुल्लर, परियोजना एवं प्रशिक्षण निदेशक मुस्कान फाउंडेशन वक्ता के तौर बता रखी। विशिष्ट अतिथियों में डॉ. डी.के. शर्मा, एचओडी सिविल इंजीनियरिंग, और अमन पाल सिंह, शाखा प्रबंधक केराकोल, राजस्थान और सिविल इंजीनियरिंग संकाय के शिक्षक शामिल थे।

### आरयू की दो छात्राएं विदेश में भाषा सहायक कार्यक्रम में चुनी



**जयपुर।** राजस्थान विश्वविद्यालय के यूरोपीय भाषा, साहित्य और संस्कृति अध्ययन विभाग में पढ़ी दो छात्राएं गौरांगी झाला और तन्वी जोशी को फ्रांस और स्पेन में प्रतिष्ठित भाषा सहायता कार्यक्रम के लिए चुना गया है। फ्रांस में अंग्रेजी सहायता कार्यक्रम और स्पेन में भाषा और संस्कृति सहायक कार्यक्रम के जरिए उनकी संबंधित सरकारों द्वारा छात्रों को विदेश में प्रतिष्ठित संस्थानों में पढ़ाने का अवसर प्रदान करवाया जाता है। छात्रों का चयन उनकी असाधारण योग्यता और भाषा में दक्षता पर मिलता है। हर साल, दूतावास अंतरराष्ट्रीय प्लेसमेंट के लिए आवेदन मांगता है और चयन समिति उम्मीदवारों का मूल्यांकन उनकी शैक्षणिक योग्यता और भाषा दक्षता के आधार पर करती है। राजस्थान विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर अल्पना कटेजा के मार्गदर्शन में, विवि के छात्र को भाषाई उत्कृष्टता में सफल हो रहे है। इसके अलावा ईएलएलसीएस विभाग की प्रमुख डॉ. निधि रायसिंघानी के नेतृत्व में, छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और मार्गदर्शन दिया जाता है। उन्हें फ्रेंच और स्पेनिश में दक्ष बनाया जा रहा है।

**प्रदर्शनी** | एनआईएफडी ग्लोबल प्रदर्शनी की शुरूआत

# 'उद्यत' में दिखा भविष्य की डिजाइन की झलक

बेधड़क | जयपुर

पांच दिवसीय फैशन और इंटीरियर वार्षिक डिजाइन प्रदर्शनी एनआईएफडी ग्लोबल, 'उद्यत' की शुरुआत बुधवार से हुई। यह प्रदर्शनी जयपुर के छात्रों की ओर से ही आयोजित की जा रही है। इस प्रदर्शनी का उद्घाटन कमला पोद्दार समूह की अध्यक्ष कमला पोद्दार ने किया। इस मौके पर समाजसेवी सुधीर माथुर, समूह के निदेशक अभिषेक पोद्दार मौजूद रहे। गतिशीलता और परिवर्तन को दिखाने के लिए इस प्रदर्शनी का नाम उद्यत रखा गया है। यह संस्कृत शब्द से लिया गया है, जिसका अर्थ है उदय, जो कि क्षितिज से सूर्य के उदय के समान है। गतिशीलता और परिवर्तन को दिखाने के लिए इस प्रदर्शनी का नाम उद्यत रखा गया है। प्रदर्शनी क्यूबिज्म पर केंद्रित रही, जिसे एनआईएफडी ग्लोबल जयपुर परिसर में हर कक्ष में प्रदर्शित किया गया था। प्रत्येक कक्षा एक विशिष्ट कला आंदोलन का प्रतिनिधित्व करती नजर आई। इसमें उस विशेष कलात्मक युग से प्रेरित छात्रों के परिधान और कलाकृतियां शामिल थीं। क्यूबिज्म की थीम को अपनाते हुए एक मंजिल ने लाइट कलर्स का प्रदर्शन किया, जबकि दूसरी मंजिल पर काले और सफेद रंग का पैलेट प्रदर्शित किया गया।



#### विदेश की प्रदर्शनी में दिखाए कलेक्शन लाए सामने

प्रदर्शनी में कुछ बेहद दिलचस्प परिधानों में ज्यामितीय आकृतियों के अभिनव उपयोग के साथ-साथ कथा जैसी जटिल पैच वर्क तकनीक शामिल थीं। इंटीरियर डिजाइन छात्र टीम ने ज्यामितीय विषय का उपयोग करते हुए विभिन्न प्रकार के फर्नीचर जैसे टेबल, कुर्सी, कंसोल आदि का समायोजन बहुत खूबसूरती से किया है। भ्रम से लेकर स्थिरता तक, प्रदर्शनी में विविध विषयों को शामिल किया गया। जिसमें मोंड्रियन से प्रेरित रचना और दृश्य बिक्री के लिए अंडे ट्रे और साइकिल रिम्स जैसी रोजमर्रा की वस्तुओं का रचनात्मक पुनरुत्पादन शामिल है। छात्रों की कृतियों के अलावा, प्रदर्शनी में 'लंदन, न्यूयॉर्क और लैक्मे फैशन वीक' जैसे इवेंट में शामिल हुए स्टूडेंट्स के कलेक्शन शामिल थे।

#### प्रदर्शनियों से मिलती है छात्रों को प्रेरणा

कमला पोद्दार समूह की अध्यक्ष कमला पोद्दार ने प्रदर्शनी में मेहमानों और आगंतुकों के आने पर प्रसन्नता व्यक्त की, उन्होंने मेहनती छात्रों को मिलने वाली प्रेरणा और प्रोत्साहन पर ध्यान दिया। अभिषेक पोद्दार ने आगंतुकों की सकारात्मक प्रतिक्रिया के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह संतुष्टि दायक यात्रा मूल्यवान मित्रों और शुभचिंतकों के समर्थन के बिना संभव नहीं होती।

# सर्वोच्च न्यायालय भी सहमत हिन्दू रीति-रिवाजों और सप्तपदी से



अशोक 'प्रवृद्ध'
स्वतंत्र टिप्पणीकार

भारतीय संस्कृति में जीवन के सबसे महत्त्वपूर्ण संस्कार माने जाने वाले सोलह संस्कारों में शामिल विवाह संस्कार के बिना मानव जीवन पूर्ण नहीं माना जाता। विवाह शब्द दो शब्दों के योग से बना है - वि और वाह। विवाह का शाब्दिक अर्थ होता है- विशेष रूप से वहन करना। अर्थात विशेष रूप से उत्तरदायित्व का वहन करना। इसमें विवाह के पश्चात कन्या अर्थात दुल्हन के उत्तरदायित्व का वहन पिता के स्थान पर वर अर्थात दुल्हे के द्वारा किए जाने का संकल्प लिया जाता है। अर्थात पिता के स्थान पर पति को दुल्हन के उतरदायित्व के वहन का भार स्थानांतरित हो जाता है।

इस विवाह संस्कार में पाणिग्रहण संस्कार को मुख्य माना जाता है। हिन्दुओं के अतिरिक्त अन्य धर्मों में विवाह पति और पत्नी के बीच एक प्रकार का करार होता है, जिसे विशेष परिस्थितियों में तोड़ा भी जा सकता है, परंतु हिन्दू विवाह किसी भी परिस्थिति में तोड़ा न जा सकने वाला पति और पत्नी के बीच जन्म-जन्मांतरों का संबंध होता है। इसमें अग्नि के सात फेरे लेकर और ध्रुव तारा को साक्षी मान कर दो तन, मन तथा आत्मा एक पवित्र बंधन में बंध जाते हैं।

इस विवाह में पति और पत्नी के बीच शारीरिक संबंध से अधिक अत्यंत पवित्र माना जाने वाला आत्मिक संबंध होता है। इसमें दो मनुष्यों के साथ-साथ दो परिवारों का जीवन व आपसी संबंध पूरी तरह बदल जाता है। भारतीय विवाह परंपरा में सबसे मुख्य रश्म के रूप में अग्नि के सात फेरों का प्रचलन है। विवाह के बाद कन्या वर के वाम अंग में बैठने से पूर्व उससे सात वचन लेती है। अग्नि की सात परिक्रमा अर्थात फेरों के बाद ही विवाह की रस्म पूर्ण मानी जाती है। कन्या व वर से लिए जाने वाले ये सात वचनों और सात फेरे ही पति-पत्नी के संबंध अर्थात रिश्ते को सात जन्मों तक बांधते हैं। विवाह संस्कार के अंतर्गत वर-वधू अग्नि को साक्षी मानकर इसके चारों ओर घूमकर पति-पत्नी के रूप में एक साथ सुख से जीवन बिताने के लिए प्रण करते हैं और इसी प्रक्रिया में दोनों सात फेरे लेते हैं, जिसे सप्तपदी भी कहा जाता है। यह सातों फेरे अथवा पद सात वचन के साथ लिए जाते हैं।

> *अब हमें एक-दूसरे के गुण ही दिखते हैं, अवगुण दिखते ही नहीं। और यदि कभी किसी को किसी में कोई दोष दिख भी जाता है तो उसे स्नेह और सहानुभूति से सह लिया जाता है तथा सुधारने का यत्न किया जाता है। विवाह की इन पूर्णाहुतियों में हमने ऐसा संकल्प दृढ़ कर लिया है और अपनी मनोवृत्ति ऐसी बना ली है। जब हमारे दिल और आत्मा एक हो गए हैं तो हमारा ध्यान आपस की ऊपरी शारीरिक त्रुटियों की ओर जा ही कैसे सकता है? इस प्रकार वैदिक धर्म में न तो बहुपत्नी प्रथा का स्थान है और न ही बहुपति प्रथा का।*

प्रत्येक पद का एक वचन होता है, जिसे पति-पत्नी जीवन भर साथ निभाने का वादा करते हैं। ये सात फेरे ही हिन्दू विवाह की स्थिरता के मुख्य स्तंभ होते हैं। अब एक मामले में सुनवाई करते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने भी इस पर सहमति व्यक्त की है कि मंत्रोचारण के साथ अग्नि के सात फेरों के बिना हिन्दू विवाह वैध नहीं है। हिन्दू विवाह अधिनियम के तहत वैध विवाह के लिए केवल प्रमाण पत्र ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि शादी समारोह और रीति-रिवाजों का पालन भी अनिवार्य रूप से किए जाने चाहिए, ताकि किसी विवाद की स्थिति में उस समारोह के सबूतों को दिखाया जाना चाहिए। जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की बेंच ने मुजफ्फरपुर कोर्ट के एक मामले के निबटारे के दौरान हिन्दू मैरिज एक्ट 1955 के तहत विवाह की कानूनी जरूरतों और पवित्रता को स्पष्ट करते हुए एक अहम फैसले में कहा है कि रीति- रिवाजों और सात फेरों के बिना शादी मान्य नहीं हैं। अगर किसी की शादी में ऐसे आयोजन का अभाव है, तो उस जोड़े को वैवाहिक दर्जा नहीं दिया जा सकता है। हिन्दू विवाह तभी वैध माना जाएगा, जब समाज के सामने पूरे मंत्रोच्चार के बीच अग्नि के सामने सात पवित्र फेरे लेने जैसी प्रथा निभाई गई हो। ऐसे समारोहों के बिना किसी संस्था द्वारा केवल प्रमाण पत्र जारी करने से न तो वैवाहिक स्थिति की पुष्टि होगी और न ही हिन्दू कानून के तहत विवाह स्थापित हो सकेगा। मुजफ्फरपुर के इस मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने हिन्दू विवाह अधिनियम के अनुसार विवाह को वैध नहीं मानते हुए विवादित पक्षों के खिलाफ तलाक, भरण-पोषण और आपराधिक कार्यवाही को रद्द कर दिया।

मामले में वादी और प्रतिवादी (जोड़े) ने हिन्दू रीति-रिवाजों के अनुसार शादी नहीं की थी, बल्कि उस दंपत्ति ने हिन्दू विवाह अधिनियम की धारा 8 के तहत सिर्फ अपनी शादी का रजिस्ट्रेशन ही कराया था। दंपत्ति ने उत्तर प्रदेश विवाह पंजीकरण नियम 2017 के तहत विवाह पंजीकरण का प्रमाण पत्र भी हासिल कर लिया था। सर्वोच्च न्यायालय ने हिन्दू विवाह अधिनियम के तहत आवश्यक वैध समारोहों के बिना भारतीय विवाहों के पंजीकरण की प्रवृत्ति पर सख्त आपत्ति जताते हुए कहा है कि भारतीय समाज में विवाह एक संस्था के रूप में बहुत महत्व रखता है। इसलिए दम्पतियों को सिर्फ कागजी पंजीकरण के लिए प्रोत्साहित नहीं किया जाना चाहिए।

उल्लेखनीय है कि भारतीय संस्कृति में सात की संख्या मानव जीवन के लिए बहुत विशिष्ट मानी गई है। पौराणिक ग्रंथों में संगीत के सात सुर, इंद्रधनुष के सात रंग, सप्तग्रह, सप्ततल, सप्तसमुद्र, सप्तऋषि, सप्तलोक, षडचक्र, सूर्य के सात घोड़े, सप्तरश्मि, सप्तधातु, सप्तपुरी, सात तारे, सप्त द्वप, सात दिन, मंदिर अथवा प्रतिमा की सात परिक्रमा, सात क्रियाएं, सात अभिवादन, सुबह सात पदार्थों के दर्शन, सात आंतरिक अशुद्धियाँ, सप्त स्नान, सप्त धातुएं, सप्तपाप, सात उपहार आदि का उल्लेख है। विवाह के समय भी सप्तपदी के मंत्रोचारण के साथ अग्नि के सप्त परिक्रमा का विधान है। इन सात फेरों में पहला फेरा भोजन व्यवस्था के लिए, दूसरा शक्ति, आहार तथा संयम के लिए, तीसरा धन प्रबंधन के लिए, चौथा आत्मिक सुख के लिए, पांचवां पशुधन संपदा के लिए, छटा हर ऋतुओं में सही रहन-सहन के लिए तथा अंतिम सातवें फेरे में पत्नी अपने पति का अनुसरण करते हुए जीवन भर साथ चलने का वचन लेती है। तांत्रिक, यौगिक व पौराणिक मान्यताओं के अनुसार मानव शरीर में ऊर्जा के सात केंद्र हैं, जिन्हें सप्तचक्र कहा जाता है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## लोकसभा आम चुनाव-2024 का महासमर

# उत्साहजनक रहा है देशभर में मतदान



प्रमोद भार्गव
वरिष्ठ साहित्यकार
व पत्रकार

> *इस बार बढ़ा मतदान तो राजग गठबंधन के फेवर में है ही, घटा मतदान भी इसी गठबंधन के पक्ष में हैं, क्योंकि एकतरफा माहौल के चलते मतदाता मानकर चल रहा है कि मोदी की विजय सुनिश्चित है। इसके बावजूद राजनीतिक घोषणा-पत्र के साथ जो भी दल चुनावी मैदान में हैं, उन्हें महज वोट कटवा दल कहकर नकारा नहीं जा सकता है? बहुकोणीय गोलबंदियों के चलते भी वोटिंग बढ़ती है, तो कहा जा सकता है कि मुकाबला कड़ा है, इसलिए इसके एकाएक निष्कर्ष निकालना कठिन होता है।*

अठाहवीं लोकसभा के तीसरे चरण के मतदान को उत्साहजनक कहा जा सकता हैं। 10 राज्यों व एक केंद्र शासित प्रदेश की 93 सीटों पर 61.64 प्रतिशत मतदान हुआ। असम में सबसे ज्यादा 75.01 प्रतिशत और महाराष्ट्र में सबसे कम 54.09 प्रतिशत मत पड़े। अभी इस मतदान के और बढ़ने की उम्मीद है। क्योंकि दूर-दराज के इलाकों से मतदानकर्मी देर-रात तक वापस आकर आंकड़े दे पाते हैं। हालांकि इन सीटों पर 2014 में 65.38 और 2019 में 67.62 मत पड़े थे। इस अनुपात में 2024 में पड़ा मत कम है। मध्यप्रदेश में जिन 9 सीटों पर चुनाव हुआ है, उन पर औसत मतदान 66.50 रहा, जबकि 2019 की तुलना में यह मतदान मात्र 0.38 प्रतिशत कम है। तब 66.88 प्रतिशत वोट पड़े थे। मध्यप्रदेश में सबसे कम भिंड लोकसभा सीट पर 55.44 प्रतिशत वोट पड़े, जबकि दिग्विजय सिंह के प्रत्याशी होने से बहुचर्चित रही सीट राजगढ़ में 76.19 वोट पड़े हैं। इस बड़े प्रतिशत को राजगढ़ में कांग्रेस अपने पक्ष में तो भाजपा राम लहर का परिणाम बता रही है।

इस मतदान के बढ़ने के कारणों में तिथि में शादी-विवाह न होना और खेती-किसानी का समाप्त हो जाना माना जा रहा है। निर्वाचन आयोग ने भी कुछ ऐसे प्रयोग किए हैं, जो मतदान बढ़ाने में सहायक रहे हैं। बावजूद उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात और बिहार समेत अन्य राज्यों की कई सीटों पर मतदान का प्रतिशत 55 से 59 रहना चिंताजनक है। जिन सीटों पर मतदान कम रहा है, उसका प्रमुख कारण चुनाव का इकतरफा हो जाना है। ऐसा राष्ट्रीय मुद्दों का उन क्षेत्रों में प्रभावशील होना माना जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दूसरी बार सत्ता संभालने के बाद अनेक बुनियादी मुद्दों का संवैधानिक निराकरण तो किया ही, देशव्यापी लोक-कल्याणकारी योजनाओं को भी कामयाबी के साथ जमीन पर उतारा। इनके असर के चलते 350 से ज्यादा सीटों पर एकतरफा मतदान का रुख देखने में आएगा। यही रुख नरेंद्र मोदी के संकल्प 400 पार को पूरा करता दिखाई दे रहा है। मोदी ने जम्मू-कश्मीर में धारा-370 और 35-ए के खात्मे के साथ तीन तलाक जैसे महत्वपूर्ण फैसले लिए। राम मंदिर के निर्माण का रास्ता भी दूसरे कार्यकाल में खुला और राम मंदिर में रामलला की मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा वैदिक रीति से गरिमा के साथ संपन्न हुई। इस आयोजन के आमंत्रण को ठुकराकर कांग्रेस ने अपने पैरों पर कुल्हाड़ी मारने का काम किया।

इसके बाद से मतदाता की मानसिकता भाजपा के पक्ष में होती दिखाई देने लगी थी, जो पहले चरण में हुए मतदान के उत्साहजनक प्रतिशत से पुष्ट हुई है। चुनाव में मतदाता यदि राष्ट्रहित प्रमुख मानते हुए मतदान कर रहा है, तो उसकी अपेक्षा आगे भी नरेंद्र मोदी की नई सरकार से राष्ट्रहित में लोक हितकारी नए निर्णयों की उम्मीद बढ़ जाती है। अतएव अब लोग चाहते हैं कि समान नागरिक संहिता और जनसंख्या नियंत्रण जैसे कानून जल्द अस्तित्व में आएं? साथ ही रोजगार की उपलब्धता, महंगाई और भ्रष्टाचार पर अंकुश भी मतदाता चाहता है। धर्म के आधार पर मुस्लिमों को आरक्षण देने के खिलाफ पिछड़े वर्ग का मतदाता उठ खड़ा हुआ है, क्योंकि कर्नाटक और आंध्रप्रदेश में पिछड़ों के कोटे से ही मुस्लिमों को आरक्षण देने के प्रयास हुए हैं। हालांकि ये प्रयास उच्च और सर्वोच्च न्यायालयों के हस्तक्षेप के चलते परिणाम तक नहीं पहुंच पाए। दरअसल संविधान में धर्म के आधार पर आरक्षण देने का कोई प्रावधान नहीं है। बहुआयामी चुनाव सुधार के कारगर नतीजे पूरे देश में दिख रहे हैं। इसका श्रेय निर्वाचन आयोग के साथ, लोकतंत्र के इस अभूतपूर्व पर्व में भागीदारी के लिए प्रोत्साहित करने की उन अपीलों को भी जाता है,जो दृश्य, श्रव्य व मुद्रित प्रचार माध्यमों से निरंतर जारी हैं। पूर्वोत्तर भारत से लेकर दशों दिशाओं में शांतिपूर्ण मतदान में जो सुधार हुआ है, उसे बेहतर, पारदर्शी व फोटो लगी मतदाता सूचियों का भी बड़ा योगदान है। चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के बाद आयोग ने छूटे रह गए मतदाताओं को अपने नाम का पंजीयन कराने का जो अवसर दिया, उसे भी रेखांकित करना जरूरी है, लेकिन उत्तर प्रदेश और बिहार में मतदाता ने जो उदासीनता दिखाई है, उसके चलते ऐसा लग रहा है कि जीत का एकतरफा माहौल बन जाने के कारण कुलीन मतदाता घरों से बाहर नहीं निकला। अतएव अभी मतदाता को अपने संवैधानिक अधिकारों व कर्तव्यों के प्रति और जागरूक करने की जरूरत है। आयोग की सख्ती से चुनाव गुंडा-शक्ति से मुक्त हुए हैं। इस कारण मतदान केंद्रों पर लूटपाट और खून-खराबे के जो हालात बन जाते थे, उनका कमलेश खात्मा हो गया है। भय-विहीन स्थिति के चलते आम मतदाता निसंकोच मतदान करने लगा है। नोटा के विकल्प ने भी मतदाता को आकर्षित किया है। लिहाजा मौजूदा उम्मीदवारों से निराश मतदाता नकारात्मक मत प्रयोग के लिए घरों से निकलने लगे हैं। जाहिर है, अतिवादी ताकतें कमजोर पड़ रही हैं। सजायाफ्ताओं के चुनाव लड़ने के प्रतिबंध से भी चुनाव प्रक्रिया साफ-सुथरी व भयमुक्त हुई है। इसीलिए मतदान को लेकर सबसे प्रमुख रुझान जम्मू-कश्मीर में देखने को मिला है। जहां अनुच्छेद-370 हटने के बाद पहली बार आम चुनाव हो रहे हैं। यही स्थिति जातीय संघर्ष से जूझ रहे मणिपुर में दिखी है। साफ है, जनमानस संवैधानिक भारतीय लोकतंत्र के प्रति सजग व जागरूक है। मतदान के अगले चार चरणों में यदि मतदान 70 फीसदी से ऊपर पहुंचता है तो यह स्थिति लोकतंत्र के लिए शुभ संकेत रहेगी।

दूसरी ओर अब कश्मीर में भी हालात तेजी से बदल रहे हैं और भटके हुए लोग मुख्यधारा में शामिल होने के लिए बढ़-चढ़कर लोकतांत्रिक प्रणाली में भागीदारी करने लगे हैं। जाहिर है, मतदाताओं के ध्रुवीकरण की राजनीति को पलीता लग रहा है। नतीजतन समुदाय और जाति विशेष की राजनीति करने वाले नेताओं को झटका लगा है और उनका वर्चस्व सिमटता दिखाई दे रहा है। तुष्टीकरण और जातिवाद के आधार पर खड़ा हुआ इंडिया गठबंधन स्वयंमेव आपस में लड़-झगड़कर खत्म होने के कगार पर पहुंच गया है। गठबंधन की परिणति पर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने हैरानी में डालने वाला बयान देते हुए कहा कि 'कांग्रेस और वामदल इंडिया गठबंधन के घटक दल नहीं है। कांग्रेस और माकपा ने भाजपा से गुप्त समझौता कर लिया है।' इस बयान में कितनी सच्चाई है, यह कहना तो कठिन हैं, लेकिन बंगाल के परिप्रेक्ष्य में ममता ने यह संदेश जरूर दे दिया कि बंगाल के मतदाता को भाजपा समेत अन्य विरोधी दलों पर भरोसा करना ठीक नहीं है। साफ है, ममता बंगाल में अपने बल-बूते पर ही चुनाव लड़ रही हैं। इस चुनाव में सबसे ज्यादा राष्ट्रीय मुद्दे ही प्रभावी रहेंगे। हालांकि बंगाल, कर्नाटक, और आंध्रप्रदेश में क्षेत्रीय दल मजबूत जरूर हैं, लेकिन राष्ट्रीय मुद्दों, राम मंदिर और सनातन का उभार पहली बार इन राज्यों में दिखाई दे रहा है। अतएव केरल समेत इन राज्यों में भारतीय जनता पार्टी का मत प्रतिशत तो बढ़ेगा ही, कई सीटों पर जीत भी दिलाएगा। यह जीत और पूर्वोत्तर भारत के राज्यों में भाजपा को जो सीटें मिलने जा रही हैं, वे उसे 400 पार ले जाने की वाहक बनेंगी। बहरहाल इस चुनावी यज्ञ में मतदान के रूप में जितनी ज्यादा आहुतियां पड़ेंगी, लोकतंत्र उतना ही पारदर्शी और मजबूत होगा।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## व्यंग्य

# व्यंग्यकार का कोप तौबा-तौबा...!



पूरन सरमा
व्यंग्यकार

वे व्यंग्यकार थे। लोग उन्हें मानते भी थे, परन्तु उन्हें सदैव लगता रहता था कि उनके समकालीन उन्हें नकार रहे हैं और उनका व्यंग्यकार खतरे में पड़ा हुआ है। वे खुद कहते थे कि वे बरगद हैं, बाकी दूसरे लोग गमले में लगे बोनसाई हैं। दूसरा कोई कुछ भी लिखता और उन्हें खासी परेशानी हो जाती। वे नहीं चाहते थे कि व्यंग्य कोई दूसरा भी लिखे। व्यंग्य को वे बपौती मान बैठे थे। व्यंग्य की विसंगति को वे व्यक्तिशः अपने ऊपर लेते और नाराज हो जाते। नाराजी को दूर करने के लिए वे फिर व्यंग्य लिखते और इस तरह वे साहित्य में अपना अपूरणीय योगदान देते रहते।

व्यंग्य को लेकर उन्होंने कुछ सीमारेखा तय की हुई थी। जैसे पतंग, बसन्त और साहित्य पर व्यंग्य लेखन नहीं हो सकता। व्यंग्य लेखन का विषय वह है, जिसे वे लिख रहे हैं। उनका मानना था कि रेल दुर्घटनाओं पर आवश्यक रूप से लिखा जाना चाहिए, क्योंकि यह बहुत बड़ी विसंगति है। यदि कोई उन्हें इस पर व्यंग्य लिखने से रोकेगा तो वे उस पर भी व्यंग्य लिखेंगे। वे व्यंग्य और प्रतिशोध को एक-दूसरे का पर्याय मानते थे। इसलिए जरा भी आहत हुए और लिख मारते थे व्यंग्य। इस बात को ध्यान में रखकर एक बार उन्होंने मुझ पर भी व्यंग्य लिखा। मेरी गलती यह थी कि मैंने एक बार उनके लिखे किसी विषय को उदाहरण रूप में अपने एक व्यंग्य में काम में लिया था। बस यही उनको बुरा लगा। उन्होंने झट से एक व्यंग्य मुझ पर तान दिया। उन्होंने मेरे उदाहरण को एक आम विसंगति नहीं माना। वह विसंगति मुझ पर भी लागू होती थी, परन्तु वे उसे व्यक्तिगत आक्षेप मानकर वार करने लगे। इस तरह उनके लेखन में इस तरह के साहित्य की श्रीवृद्धि होने लगी।

दूसरी गलती मुझसे यह हो गई कि मैंने उनके नये उपन्यास को बढ़िया बता दिया। वे बोले- "यह तो व्यंग्य है, आप यह बात तहेदिल से नहीं कर रहे।" मैंने समझाया भी कि भाई आपका यह उपन्यास वाकई बढ़िया है, लेकिन उनके मेरी टिप्पणी गले नहीं उतरी और वे इसे मेरे द्वारा किया गया 'व्यंग्य' ही मानते रहे। व्यंग्यकार होने का यह आशय तो कतई नहीं है कि मैं हमेशा ही मजाक करता रहूंगा। बाद में तीसरी गलती मेरे जैसे गमले में उगे बोनसाई से यह हुई कि उनकी पुस्तक की समीक्षा एक साप्ताहिक में छपी और वह इतनी बुरी छपी कि वे उसमें भी मेरा ही हाथ मानकर पहले से ज्यादा रूष्ट हो गए। समीक्षक मेरे जानकार जरूर थे, परन्तु मुझे यह पता भी नहीं था कि वे उनके उसी उपन्यास की समीक्षा लिख रहे हैं, जिसे मैंने बढ़िया बताया था। उनका कहना था कि लिखने में भले मुझसे जूनियर हो सकते हैं, परन्तु उनका लेखन अत्यन्त सटीक और पैसा है। इस बात पर मुझे कभी आपत्ति नहीं थी। मैं तो वैसे ही गमले में उगा था और वे बरगद का रूप ले चुके थे।

मैं उनका सम्मान करता था, क्योंकि वे उच्चकोटि के व्यंग्यकार थे। उन्हें स्तरीय पुरस्कार मिल चुके थे तथा बड़े प्रकाशकों से उनकी पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी थी, परन्तु मेरी इस भावना की उन्होंने कभी कद्र नहीं की और वे नाराज रहने लगे। मुझे उनका नाराज होना किसी भी स्थिति में अच्छा नहीं लग रहा था। मैंने उनसे कभी अनजाने में हुई गलती के लिए क्षमा मांगी लेकिन वे नाराजी के रूख से टस से मस नहीं हुए। व्यंग्यकार की परेशानी मेरी समझ से बाहर थी।

मैं इस बात से बेहद क्षुब्ध था कि एक समानधर्मा अकारण ही मुझसे नाराज था। जबकि मैं गमले में उगा हुआ था और वे बरगद थे। उनमें बरगद जैसा विशाल हृदय नहीं था, यदि होता तो वे मुझे क्षमा का दान अवश्य देते। मुझे मेरी औकात का पता था कि मैं एक अदना-सा रचनाकार हूं, लेकिन मैं उन महान् व्यंग्यकार की महानता का कृपापात्र नहीं बन सका। मैं अभी तक डरा हुआ हूं कि मुझ पर व्यंग्य लेखन तक तो बात चल सकती है परन्तु कल बात इससे आगे बढ़ गई तो मेरे बाल बच्चों का क्या होगा? आजकल मैं उन्हें खुश करने के गुर खोजने में लगा हुआ हूं, क्योंकि यह अत्यन्त जरूरी है। कल व्यंग्यकार को फिर गुस्सा आ गया तो ...! व्यंग्यकार का कोप शायद मैं बर्दाश्त नहीं कर पाऊंगा।

## नॉलेज कॉर्नर: बेहतर साबित हो सकता है स्टार रेटिंग देखकर एसी व बिजली उपकरण खरीदना

# रेटिंग में छिपा है बिजली खपत का गुणा-भाग

एक जमाने में घर में AC और ज्यादा बिजली खपत वाले उपकरण लगाना रईसी और लग्जरी माना जाता था। लेकिन अब ऐसा नहीं है AC अब रईसी नहीं बल्कि एक जरूरत बन गई है। वहीं इन AC पर रेटिंग का निशान भी जरूर देखा होगा। इनमें 1 से लेकर 5 तक स्टार रेंटिंग नजर आती है। आम समझ तो यही कहती है कि जितने ज्यादा स्टार उतनी बिजली की बचत। समझ तो सही है मगर शायद बचत उतनी नहीं जितनी हम सोच रहे। कुछ गुणा भाग अलग है। आज के नॉलेज कॉर्नर में विस्तार से जानते हैं बिजली के इन खास उपकरणों के बारे में...

### ऊर्जा बजत की दक्षता की मिलती है जानकारी

1, 2, 3 4 या 5 आपके AC में कौन सा स्टार लगा होगा इसको तय करता सरकार के ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (Bureau of Energy Efficiency)। ऊर्जा दक्षता ब्यूरो, जिसको शॉर्ट में BEE के नाम से भी जाना जाता है, वो इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों को रेटिंग देने का भी काम करता है। पंखें से लेकर AC और फ्रिज तक के लिए रेटिंग होती है। इन उपकरणों में



1 स्टार से लेकर 5 स्टार तक की रेटिंग होती है। ये स्टार बताते हैं कि बिजली का कोई उपकरण ऊर्जा बचत को लेकर कितना दक्ष है।

### कैसे काम करती है ये रेटिंग?

स्टार रेंटिंग का मतलब क्या होता है? दरअसल, ये एनर्जी एफिशियंसी के फॉर्मूले पर काम करता है। ये एसी में कूलिंग आउटपुट और पावर इनपुट पर तय होता है। हर एसी पर एक एनर्जी एफिशियंसी रेश्यो (EER) लिखा होता है। अगर किसी एसी पर 2.7 से 2.9 EER लिखा है, तो वो 1 स्टार रेटिंग वाला एसी होगी। 2.9 से 3.09 होने पर दो स्टार, 3.1 से 3.29 होने पर तीन स्टार, 3.3 से 3.49 होने पर चार स्टार और 3.5 से ऊपर होने पर वो 5 स्टार रेटिंग का एसी होगा।

### ऐसे समझें स्टार रेटिंग

*डेढ़ टन का पांच स्टार एसी करीब 1450 वॉट पावर इस्तेमाल करता है, वहीं इतने ही टन का 3 स्टार रेटिंग वाला एसी करीब 1600 वॉट। 8 घंटे रोज के हिसाब से जोड़ें, तो महीने में 240 घंटे बिजली। इस स्थिति में फाइव स्टार AC में 348 यूनिट की खपत होगी और थ्री स्टार AC की खपत 384 यूनिट होगी।*

*कंटेंट: बजरंगलाल बुनकर*



**भजनलाल शर्मा,** मुख्यमंत्री, राजस्थान
@BhajanLalBJP
विश्व में किसी भी संकट या युद्ध में अभूतपूर्व योगदान देने वाले मानवतावादी संगठन रेड क्रॉस से जुडे सभी कार्यकर्ताओं को "रेड क्रॉस डे" की हार्दिक शुभकामनाएं।

कर्नाटक: भाजपा नेताओं की ओर से सोशल मीडिया पर साझा किए गए वीडियो पर गहराया विवाद

# पुलिस ने नड्डा और अमित मालवीय को किया तलब, सात दिन में पेश हों

**एजेंसी** | बेंगलुरु

कर्नाटक में भाजपा नेताओं द्वारा सोशल मीडिया पर साझा किए गए एक वीडियो को लेकर विवाद गहरा गया है। मामला पुलिस तक पहुंच गया है।

पुलिस ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और पार्टी सदस्य अमित मालवीय को बेंगलुरु के हाई ग्राउंड्स पुलिस स्टेशन में तलब किया है। पुलिस ने उन्हें कर्नाटक भाजपा द्वारा पोस्ट किए गए एक ट्वीट के संबंध में पेश होने के लिए कहा है। ट्वीट



में कथित तौर पर एससी-एसटी समुदाय को निशाना बनाया गया था। समन में नोटिस की प्राप्ति के सात दिनों के भीतर सुबह 11 बजे जांच अधिकारी के सामने उपस्थित होने का निर्देश दिया गया है। इससे पहले पुलिस ने मंगलवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स को निर्देश दिया था कि वह भाजपा की प्रदेश इकाई द्वारा शेयर किए गए एनिमेटेड वीडियो को हटा दे। अब पुलिस ने यह नोटिस ऐसे समय में भेजा है जब कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने चुनाव आयोग से आदर्श आचार संहिता के कथित उल्लंघन पर जेपी नड्डा और अन्य भाजपा नेताओं के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। उल्लेखनीय है कि विगत पांच मई को आचार संहिता उल्लंघन मामले में सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर नड्डा, मालवीय और कर्नाटक भाजपा अध्यक्ष वीवाई विजयेंद्र के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी। यह शिकायत कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने दर्ज कराई थी।

इन भाजपा नेताओं के खिलाफ दो समुदायों के बीच नफरत फैलाने वाला बयान जारी करने पर जनप्रतिनिधि कानून की धारा 505(2) के तहत केस दर्ज किया गया है।

### कांग्रेस ने शिकायत में सोशल मीडिया पर जारी एक वीडियो का दिया हवाला, नड्डा व मालवीय पर लगाया आरोप

कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने शिकायत में कर्नाटक प्रदेश भाजपा के आधिकारिक अकाउंट से 'एक्स' पर पोस्ट एक वीडियो का हवाला दिया। उसने आरोप लगाया कि इस अकाउंट का संचालन भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा, प्रदेश अध्यक्ष बी वाई विजयेंद्र के निर्देश पर पार्टी के आईटी प्रकोष्ठ के प्रमुख अमित मालवीय करते हैं। कांग्रेस ने आरोप लगाया, सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए उक्त वीडियो में राहुल गांधी और (मुख्यमंत्री) सिद्धरमैया के एनिमेटेड किरदार दिखाए गए हैं। वीडियो क्लिप में एससी, एसटी और ओबीसी समुदाय को एक घोंसले में रखे 'अंडों' के तौर पर दिखाया गया है तथा इसमें राहुल गांधी को मुस्लिम समुदाय नाम से एक बड़ा अंडा रखते हुए भी दिखाया गया है। पार्टी ने शिकायत की है कि आरोपियों का कृत्य विभिन्न धर्मों के बीच शत्रुता को बढ़ावा देता है तथा एक विशेष उम्मीदवार को वोट नहीं देने के लिए एससी/एसटी समुदाय के सदस्यों को डराना-धमकाना और इस समुदाय के सदस्यों के खिलाफ वैमनस्य पैदा करना है। कांग्रेस ने वीडियो को लेकर भाजपा नेनाओं की आलोचना की।

### अखिलेश-मायावती का एक दूसरे पर वार-पलटवार




**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव के बीच ही मायावती का अपने भतीजे आकाश आनंद से सारी जिम्मेदारियां वापस लेने का मामला सपा और बसपा के बीच वार-पलटवार का मुद्दा बन गया है। समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर मायावती पर निशाना साधते हुए कहा कि दरअसल इसके पीछे असली कारण ये है कि बसपा की एक भी सीट आती हुई नहीं दिख रही है। इस पर मायावती ने अखिलेश को यादव परिवार के प्रत्याशियों की चिंता करने की सलाह दे दी। उन्होंने सपा को घोर दलित विरोधी बताया। मायावती ने अखिलेश यादव को निशाने पर लेते हुए सोशल मीडिया पर एक के बाद एक तीन पोस्ट लिखे।

### केजरीवाल की अंतरिम जमानत पर फैसला कल

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट कथित उत्पाद शुल्क नीति घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को अंतरिम जमानत देने पर 10 मई को अपना फैसला सुनाएगा। मामले में उनकी गिरफ्तारी के खिलाफ केजरीवाल की याचिका पर सुनवाई करने वाली पीठ की अध्यक्षता करने वाले न्यायाधीश संजीव खन्ना ने कहा कि हम शुक्रवार को अंतरिम आदेश सुनाएंगे। गिरफ्तारी को चुनौती देने से जुड़े मुख्य मामले पर भी उसी दिन सुनवाई होगी। केजरीवाल को 21 मार्च को गिरफ्तार किया गया था और वर्तमान में वह न्यायिक हिरासत के तहत तिहाड़ जेल में बंद हैं। इससे पहले न्यायाधीश खन्ना और न्यायाधीश दीपांकर दत्ता की खंडपीठ ने सात मई को केजरीवाल की अंतरिम जमानत को लेकर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था।

नस्लभेदी टिप्पणी पर बवाल : देश में गरमाई सियासत ... तेज हुई जुबानी जंग

# सैम पित्रोदा का आईओसी पद से इस्तीफा



### यह कहा था सैम पित्रोदा ने

सैम पित्रोदा ने देश की विविधता का एक लोकतांत्रिक उदाहरण पेश करते हुए कहा था, हम भारत जैसे विविधतापूर्ण देश को एक साथ रख सकते हैं – जहां पूर्व के लोग चीनी जैसे दिखते हैं, पश्चिम के लोग अरब जैसे दिखते हैं, उत्तर के लोग शायद गोरे जैसे दिखते हैं और दक्षिण के लोग अफ्रीकी जैसे दिखते हैं। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। हम सभी भाई-बहन हैं।

**एजेंसी** | नई दिल्ली

लोकसभा चुनावों के बीच इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा की एक और टिप्पणी को लेकर कांग्रेस सियासी हमलों से घिर गई। टिप्पणी को लेकर मचे बवाल के बाद पित्रोदा ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने कहा है कि पार्टी नेतृत्व ने पित्रोदा के इस्तीफे को स्वीकार कर लिया है। रमेश ने सोशल मीडिया पर लिखा, सैम पित्रोदा ने अपनी मर्जी से इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष पद से इस्तीफ़ा देने का फैसला किया है। कांग्रेस अध्यक्ष ने उनका इस्तीफा स्वीकार कर लिया है। इससे पहले पीएम मोदी और भाजपा ने उनकी टिप्पणी को नस्लवादी करार दिया और तीखा सियासी हमला किया। राजनीतिकि विवाद बढ़ता देख कांग्रेस ने भी उनके बयान से किनारा कर लिया था। कांग्रेस ने पित्रोदा की टिप्पणी को दुर्भाग्यपूर्ण और अस्वीकार्य बताया। कांग्रेस के महासचिव जयराम रमेश ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा कि भारत की विविधता को बताने के लिए एक पॉडकास्ट में सैम पित्रोदा द्वारा खींची गई तस्वीरें सबसे दुर्भाग्यपूर्ण और अस्वीकार्य हैं। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस इन उदाहरणों से खुद को पूरी तरह से अलग करती है।

### विभाजनकारी नीति बेनकाब हो गई: BJP

भाजपा ने पित्रोदा की टिप्पणियों को नस्लीय करार देते हुए उन पर निशाना साधा और दावा किया कि इससे विपक्षी दल की विभाजनकारी राजनीति बेनकाब हो गई है। इससे पहले पित्रोदा ने विरासत कर के बारे में बात करके विवाद खड़ा कर दिया था, जिसे भाजपा ने चुनावी मुद्दा बना लिया। पित्रोदा ने कांग्रेस के घोषणापत्र में 'संपदा के पुन: वितरण' के मुद्दे पर बात करते हुए 'अमेरिका में विरासत कर' का उल्लेख किया था। इसके बाद भाजपा ने कांग्रेस पर निशाना साधना शुरू कर दिया था।

पित्रोदा के बयान पर भड़के मोदी, कांग्रेस व राहुल को घेरा... किया सियासी हमला

## मैं गुस्से में... यह अपमान सहन नहीं करेगा देश

**एजेंसी** | वारंगल (तेलंगाना)



लोकसभा चुनाव के लिए चौथे चरण के मतदान के लिए तेज होते प्रचार अभियान के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को तेलंगाना में करीमनगर और वारंगल में चुनाव सभाओं को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस और राहुल गांधी पर जबरदस्त प्रहार किया। इस दौरान कांग्रेस नेता सैम पित्रोदा के एक बयान को लेकर उन्होंने तीखा आक्रोश व्यक्त किया और राहुल गांधी पर जमकर निशाना साधा। पित्रोदा ने एक बयान में त्वचार के रंग-रूप को लेकर पूर्वोत्तर के भारतीयों की चीनी और दक्षिण भारतीयों की तुलना अफ्रीकियों से कर दी। इसी बात को लेकर पीएम मोदी ने वारंगल में एक चुनाव सभा में कहा, आज मैं बहुत गुस्से में हूं। चमड़ी के रंग के आधार पर देशवासियों को गाली दी जा रही है। देश यह अपमान सहन नहीं करेगा। शहजादे को इसका जवाब देना होगा।'

### कांग्रेस झूठ बोलने की मास्टर

उन्होंने कहा,कांग्रेस झूठ की कितनी बड़ी मास्टर है, यह तेलंगाना से बेहतर कौन जानेगा। कांग्रेस ने अपनी सबसे बड़ी नेता के जन्मदिन से पहले किसानों का कर्ज माफ करने का वादा किया था। इन्होंने झूठ बोला या नहीं? अब ये लोग 15 अगस्त तक अपने वादे टाल रहे हैं ताकि लोकसभा का चुनाव खत्म हो जाए फिर वे अपने हाथ ऊपर कर दें। क्या ये आपसे धोखा नहीं है? ये लोग सनातन को गाली देने वाले लोग हैं।

### एक बार फिर मोदी सरकार

जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, आजकल आप देख रहे हैं कि दुनिया में हर तरफ अस्थिरता है, अशांति है, संकट है। ऐसे में क्या देश की कमान गलत हाथों में दी जा सकती है? इसलिए देश कह रहा है फिर एक बार मोदी सरकार।

### बीआरएस पर साधा निशाना

पीएम मोदी ने कहा, बीआरएस की सच्चाई भी एससी, एसटी, ओबीसी समाज को धोखा देने की है। बीआरएस ने 2014 में आपसे वादा किया था कि वो सरकार में आई तो दलित मुख्यमंत्री बनाएंगी। बीआरएस ने दलित बंधु योजना के नाम पर भी आपका भरोसा तोड़ा। यही बीआरएस है जिसने तुष्टीकरण की राजनीति को आगे बढ़ाते हुए मुस्लिम आईटी पार्क बनाने की बात कही थी।

नुकसान की आशंका से डैमेज कंट्रोल में जुटी कांग्रेस

## भाजपा को नजर आई उम्मीद कांग्रेस की बढ़ गई चिंता

**एजेंसी** | हैदराबाद

कांग्रेस नेता सैम पित्रोदा के एक बयान के बाद सियासत गरमाते ही कांग्रेस डैमेज कंट्रोल में जुट गई और बयान से किनारा कर लिया क्योंकि भाजपा पित्रोदा के बयान को दक्षिण भारत के शेष दो चुनावी राज्यों आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में बड़ा मुद्दा बनाने की कोशिश में जुट गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वारंगल की जनसभा में इस मुद्दे को उठाकर इसका संकेत भी दे दिया है। राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार इसलिए कांग्रेस में इस बात



को लेकर चिंता बढ़ गई थी कि यदि भाजपा इसे मुद्दा बनाने में सफल रही, तो अगले चरण में आंध्र प्रदेश (25 लोकसभा सीटें) और तेलंगाना (17 लोकसभा सीटें) में उसे इसका लाभ मिल सकता है। पीएम मोदी ने वारंगल की रैली में कहा कि जब भाजपा ने आदिवासी समाज से आने वाली द्रौपदी मुर्मू को राष्ट्रपति बनाने का निर्णय लिया था, कांग्रेस ने उनकी उम्मीदवारी का विरोध किया था। उन्होंने कहा कि अब समझ आता है कि कांग्रेस के लोगों ने काली रंग की त्वचा को देखकर उनका विरोध किया था। इससे ऐसा लगा कि यह विवाद आदिवासी समुदाय की बहुलता वाले आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में संवेदनशील हो सकता है।

## पीएम ने पूछा- 'शहजादे' ने अंबानी-अडाणी को अब गाली देना क्यों कर दिया बंद!

**एजेंसी** | हैदराबाद

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को आरोप लगाया कि पिछले पांच सालों से सुबह उठते ही 'अंबानी और अडाणी के नाम की माला जपने वाले कांग्रेस के शहजादे' ने उनसे 'कितना माल उठाया' है जो लोकसभा चुनाव घोषित होते ही उन्होंने उन्हें 'गाली देना' बंद कर दिया। हैदराबाद से करीब 150 किलोमीटर दूर वेमुलावाड़ा में एक रैली को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने यह भी दावा भी किया कि देश में लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के बाद कांग्रेस और उसके 'इंडी' गठबंधन के घटक दलों



का तीसरा 'फ्यूज' उड़ गया है। मोदी और भाजपा के कुछ नेता विपक्षी गठबंधन इंडिया को 'इंडी' गठबंधन कहते हैं। उन्होंने पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल का नाम लिए कहा,जरा ये शहजादे घोषित करे कि इस चुनाव में अंबानी-अदाणी से कितना माल उठाया है? काले धन के कितने बोरे भर के रुपए मारे हैं? क्या सौदा हुआ है कि आपने रातों-रात अंबानी, अडाणी को गाली देना बंद कर दिया? जरूर दाल में कुछ काला है। पांच साल तक अंबानी, अडाणी को गाली दी और रातों रात गालियां बंद हो गई। मतलब कोई न कोई चोरी का माल टेम्पो भर-भर के आपने पाया है। ये जवाब देना पड़ेगा देश को।

### देश जानता है भ्रष्टाचार में ड्राइवर और खलासी कौन हैं : राहुल गांधी

मोदी की टिप्पणी पर पलटवार करते हुए राहुल गांधी ने सोशल मीडिया हैंडल- एक्स पर जारी बयान में राहुल ने कहा, देश जानता है कि भाजपा के भ्रष्टाचार में ड्राइवर और खलासी कौन है। राहुल ने सवाल किया कि क्या पीएम मोदी थोड़े डरे हुए हैं? उन्होंने आरोप लगाया कि आम तौर पर पीएम बंद दरवाजों के पीछे अदाणी और अंबानी के बारे में बातें करते हैं, लेकिन पहली बार सार्वजनिक रूप से दोनों के बारे में बात की है।

यूपी : तेज हुआ सियासी घमासान, अमित शाह बरसे

# 'दो शहजादे' सत्ता में आ गए तो राम मंदिर में लगवा देंगे बाबरी ताला

### ■ यह भी बोले शाह - राहुल की सही जगह इटली

**एजेंसी** | हरदोई (उत्तर प्रदेश)

उत्तर प्रदेश में लोकसभा चुनाव के लिए तीन चरणों के मतदान के बाद सियासी घमासान और तेज हो गया है। भाजपा, समाजवादी पार्टी और कांग्रेस ने अपना प्रचार अभियान तेज कर दिया है। केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने बुधवार को कहा कि राहुल गांधी पाकिस्तान का एजेंडा आगे बढ़ाते हैं, इसीलिए पाकिस्तान राहुल गांधी की प्रशंसा करता है। उन्होंने राहुल



गांधी और अखिलेश यादव की तरफ इशारा करते हुए कहा कि अगर दो शहजादे सत्ता में आ गए तो अयोध्या के श्रीराम मंदिर में बाबरी ताला लगवा देंगे।

शाह ने शहर के लखनऊ चुंगी स्थित सीएसएन डिग्री कॉलेज के मैदान में आयोजित जनसभा में भ्रष्टाचार पर सख्त रवैया दिखाते हुए कहा कि अखिलेश और राहुल को समझ लेना चाहिए कि भ्रष्टाचार करोगे तो जेल जाओगे। उन्होंने राहुल गांधी की सही जगह वायनाड और रायबरेली नहीं, बल्कि इटली बताई। अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि मोहम्मद अली जिन्ना को महान बताने वाले लोगों को इतिहास पढ़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि सपा और कांग्रेस के राज में आलिया, मालिया, जमालिया (आतंकवादी) घुसपैठ करते थे, लेकिन मोदी के जमाने में भारत सर्जिकल स्ट्राइक करता है और घर में घुसकर मारता है। राहुल गांधी कहते हैं कि 370 वापस लाएंगे। ट्रिपल तलाक भी वापस लाएंगे।

### वोट बैंक के डर से नहीं आए अयोध्या

उन्होंने कहा कि रामलला की प्राण प्रतिष्ठा में अखिलेश, डिंपल, राहुल गांधी और उनकी बहन को निमंत्रण भेजा था, लेकिन वोट बैंक के नाराज हो जाने के डर से यह लोग अयोध्या नहीं आए। उन्होंने कहा कि हम नहीं डरते। अयोध्या में राम मंदिर बना है, काशी विश्वनाथ का कॉरिडोर बन गया है, और सोमनाथ मंदिर को भव्य स्वरूप दिया जा रहा है।

## राहुल के खिलाफ झूठ फैलाने में जुटी BJP

**एजेंसी** | रायबरेली

कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा अपने भाई और रायबरेली से कांग्रेस प्रत्याशी राहुल गांधी के प्रचार अभियान में पूरी ताकत से जुट गई हैं। बुधवार को उन्होंने दर्जनभर नुक्कड़ सभाओं को संबोधित किया और राहुल गांधी के लिए वोट मांगे। उन्होंने संबोधन में भाजपा और मोदी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि भाजपा की पूरी मशीनरी राहुल के खिलाफ झूठ



फैलाने में लगी हुई है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने जनता को गुमराह करने का काम किया है। मोदी के राज में महंगाई बढ़ी है।

### मां ने भेजा है राहुल को रायबरेली, आप के साथ 100 साल पुराना रिश्ता

उन्होंने रायबरेली के साथ अपने परिवार के रिश्तों का जिक्र करते हुए कहा कि मेरी माताजी ने अब राहुल गांधी को यहां भेजा है। उन्होंने कहा कि रायबरेली के लोगों के साथ उनकी पार्टी का 100 साल पुराना रिश्ता है जो अब एक नए युग में प्रवेश कर गया है और निर्वाचन क्षेत्र के लोग एक बार फिर इनके नेतृत्व के लिए तैयार हैं। राहुल इस चुनाव में उम्मीदवार हैं। वह पीछे हटने वालों में नहीं हैं। उन्होंने आपकी समस्या समझने के लिए देश की पैदल यात्रा की। वह आपको न्याय दिलाने की लड़ाई लड़ रहे हैं। मैं भी यहीं रहूंगी।

## जरूरी खबर

### उत्तराखंड : जंगलों में आग, SC ने दिए जरूरी निर्देश

**नई दिल्ली।** उत्तराखंड के जंगलों में लगी आग का मामला सुप्रीम कोर्ट में पहुंच गया है। शीर्ष अदालत की पीठ ने राज्य सरकार के साथ-साथ अन्य याचिकाकर्ताओं को निर्देश दिया है कि जंगल की आग पर काबू पाने के लिए अब तक क्या कदम उठाए गए हैं, इसकी रिपोर्ट केंद्र की अधिकार प्राप्त समिति को सौंपी जाए। समिति रिपोर्ट के आधार पर अपनी राय बनाएगी और शीर्ष अदालत को सूचित किया जाएगा। पीठ ने यह भी कहा कि क्लाउड सीडिंग या प्राकृतिक बारिश पर निर्भर रहना इस परेशानी का निदान नहीं है। अदालत ने साफ किया कि सरकार को और अधिक उपाय करने होंगे। मुकदमे की सुनवाई के दौरान उत्तराखंड सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि जंगल में लगी आग के कारण केवल 0.1% वन्यजीव क्षेत्र प्रभावित हुए। दलीलों को सुनने के बाद अदालत ने कहा कि अगली सुनवाई 15 मई को होगी।

### एससीबीए अध्यक्ष का चुनाव लड़ेंगे कपिल सिब्बल




**नई दिल्ली।** वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन (एससीबीए) के अध्यक्ष पद के लिए अपनी उम्मीदवारी की घोषणा की है। एससीबीए का चुनाव 16 मई को होने हैं। हार्वर्ड लॉ स्कूल से स्नातक सिब्बल 1989-90 के दौरान भारत के अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल थे। उन्हें 1983 में वरिष्ठ वकील के रूप में नामित किया गया था। 1995 और 2002 के बीच,सिब्बल ने तीन बार एससीबीए अध्यक्ष के रूप में कार्य किया। एससीबीए के मानद सचिव रोहित पांडे ने कहा कि अनुभवी वकील अध्यक्ष पद के लिए चुनाव लड़ रहे हैं।

### पंजाब के लिए भाजपा के तीन प्रत्याशी घोषित

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव को लेकर पंजाब की तीन सीटों के लिए भाजपा ने उम्मीदवार घोषित कर दिए हैं। आनंदपुर साहिब से डॉ. सुभाष शर्मा को टिकट दिया गया है। इसके अलावा फिरोजपुर से राणा गुरमीत सिंह सोढ़ी और संगरूर से अरविंद खन्ना को प्रत्याशी बनाया गया है। पंजाब में मंगलवार से नामांकन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। यहां इस बार भाजपा और शिरोमणी अकाली दल अलग-अलग चुनाव मैदान में हैं। वहीं इंडिया गठबंधन की पार्टियां आम आदमी पार्टी और कांग्रेस भी अलग-अलग चुनाव लड़ रहे हैं।

## तटरक्षक बल ने बचाया मछुआरे को





*नई दिल्ली। भारतीय तटरक्षक बल ने केरल के बेपोर से 40 समुद्री मील दूर एक फिशिंग बोट में फंसे गंभीर रूप से बीमार मछुआरे को बचाया। सूचना मिलने पर तटरक्षक बल ने कोच्चि के चिकित्सा दल के साथ-साथ आर्यमान और सी-404 जहाजों के साथ अपने उन्नत हल्के हेलिकॉप्टर को तैनात किया और नाव का पता लगाकर मछुआरे को बचा लिया।*

### एचडी रेवन्ना 14 तक न्यायिक हिरासत में



**बेंगलुरु।** कर्नाटक सेक्स स्कैंडल में पीड़िता के अपहरण के आरोपी और पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा के बेटे एचडी रेवन्ना की पुलिस रिमांड 14 मई तक बढ़ा दी गई है। उन पर शहर के केआर नगर पुलिस स्टेशन में अपहरण का मुकदमा दर्ज किया गया था। एसआईटी अधिकारियों ने 4 मई को उन्हें गिरफ्तार किया था। कर्नाटक सेक्स स्कैंडल में फंसे एचडी रेवन्ना और उनके बेटे प्रज्वल रेवन्ना पर यौन शोषण का आरोप लगाया गया था। प्रज्वल रेवन्ना इस बात के बाद देश छोड़कर भाग गए। आरोप है कि पीड़िता की मां का एचडी रेवन्ना के जरिए अपहरण करवाया गया। एचडी रेवन्ना ने कोर्ट में जमानत के लिए याचिका दायर की थी। बुधवार को कोर्ट ने उनकी जमानत याचिका खारिज करते हुए 14 मई तक की न्यायिक हिरासत में भेजा है।

## नगर पालिकाओं के मामले में अहम फैसला

# चयनित सदस्यों को मनमाने तरीके से नहीं हटाया जा सकता: SC

■ सरकारी अधिकारी सदस्यों के दैनिक कामकाज में नहीं डाल सकते अड़ंगा



**एजेंसी | नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि नगरपालिकाओं के चयनित सदस्यों को लोक सेवकों या उनके राजनीतिक आकाओं की मर्जी से सिर्फ इसलिए नहीं हटाया जा सकता कि तंत्र को उनसे परेशानी हो रही है। इसी के साथ उसने महाराष्ट्र के तत्कालीन शहरी विकास मंत्री के उस फैसले को रद्द कर दिया जिसमें उन्होंने नगरपालिकाओं के पार्षदों-पदाधिकारियों को हटा दिया था।

जस्टिस सूर्यकांत एवं जस्टिस पीएस नरसिम्हा की पीठ ने कहा कि नगरपालिका बिल्कुल जमीनी स्तर के लोकतंत्र की इकाई है। किसी नगरपालिका के चयनित सदस्य अपने रोजमर्रा के काम में समुचित सम्मान और स्वायत्तता के हकदार हैं। सरकारी अधिकारी या उनके सियासी आका इन सदस्यों के दैनिक कामकाज में अनावश्यक अड़ंगा नहीं डाल सकते।

### कलेक्टर की जांच में सही पाए गए आरोप

एक याचिकाकर्ता पर महाराष्ट्र नगरपालिका परिषद, नगर पंचायत एवं औद्योगिक नगरी अधिनियम, 1965 के प्रविधानों के उल्लंघन और अनुमति से ज्यादा घरों के निर्माण का आरोप लगाया गया था। कलेक्टर की जांच में आरोप सही पाए गए और आरोपित को कारण बताओ नोटिस भेजा गया। कारण बताओ नोटिस की प्रक्रिया लंबित रहते हुए प्रभारी मंत्री ने दिसंबर 2015 में स्वयं संज्ञान लेते हुए याचिकाकर्ता मार्कंड उर्फ नंदू को उस्मानाबाद नगरपालिका परिषद के उपाध्यक्ष पद से हटाने का आदेश पारित कर दिया था। साथ ही उन्हें छह साल तक चुनाव लड़ने से भी प्रतिबंधित कर दिया गया था। इसी प्रकार, नालदुर्गा नगरपालिका परिषद के अध्यक्ष को पद से हटाकर छह साल तक चुनाव लड़ने से प्रतिबंधित कर दिया गया।

### बिना कारण बताए रद्द नहीं कर सकते अनुबंध

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने निजी कंपनी या पार्टी से जुड़े अनुबंध को रद्द करने के मामले में अहम टिप्पणी की है। शीर्ष अदालत में चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली तीन जजों की पीठ ने कहा कि प्राइवेट पार्टियों के अनुबंध कारण बताए बिना रद्द नहीं किए जाने चाहिए। कलकत्ता हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ दायर अपील पर सुनवाई के दौरान शीर्ष अदालत ने यह टिप्पणी की। बाद में अदालत ने इस मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया। सीजेआई चंद्रचूड़ ने कहा, एक निजी पार्टी अनुबंध हासिल करने के बाद रिटर्न पाने की आशा के साथ निवेश करता है। निवेश के बाद रिटर्न की आशा करना भी उचित है। किसी ठेके को बिना कोई कारण बताए कैसे रद्द किया जा सकता है?

#### यह है पूरा मामला

एक फर्म ने 10 वर्ष के लिए कोलकाता में ईस्टर्न मेट्रोपोलिटन बाईपास पर दो अंडरपास के रखरखाव का ठेका हासिल किया था। ठेके के तहत फर्म को अंडरपास के अंदर और ऊपर दोनों जगह विज्ञापन लगाने की अनुमति दी गई थी, जिसके लिए उसे कुछ निर्माण कार्य करने की जरूरत थी, लेकिनठेका रद्द कर दिया गया।

## संदिग्ध आतंकियों की पहचान

### वायुसेना के काफिले पर हमले में पाकिस्तान का पूर्व कमांडो था शामिल!



**एजेंसी | श्रीनगर**

जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में 4 मई को भारतीय वायुसेना के काफिले पर हमला करने वाले तीन संदिग्ध आतंवादियों की पहचान हो गई है। सेना ने बुधवार को तीनों आतंकियों की तस्वीरें जारी की। ये तस्वीरें सीसीटीवी फुटेज से ली गई हैं। 4 मई को हुए आतंकी हमले में कॉर्पोरल रैंक के विक्की पहाड़े शहीद हो गए थे। जबकि उनके 4 सहयोगी जवान घायल हो गए थे। वायुसेना के काफिले पर हमला करने वाले तीनों आतंकियों की पहचान पाकिस्तानी सेना के पूर्व कमांडो इलियास, प्रतिबंधित लश्कर-ए-तैयबा के कमांडर हदून और अबू हमजा के तौर पर हुई। ये उनके कोड नेम हैं। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने तीनों आतंकियों के स्केच जारी किए हैं। हमजा को मध्यम कद और गोरे रंग का बताया है। उसकी उम्र 30 से 32 साल के बीच है और बाल कटे हुए हैं। हमजा को आखिरी बार ब्राउन कलर के शॉल और ऑरेंज कलर के बैग के साथ पठानी सूट पहने देखा गया था। उसकी गिरफ्तारी के लिए सूचना देने वाले को 10 लाख रुपए का इनाम देने की पेशकश की है। जम्मू-कश्मीर पुलिस के मुताबिक, कथित तौर पर तीनों आतंकवादियों ने काफिले पर हमले के लिए हाई पावर वाली असॉल्ट राइफलों, अमेरिका में बनी एम 4 और रूस में बनी एके-47 का इस्तेमाल किया।

## इलाहाबाद हाई कोर्ट का अहम फैसला

# मुस्लिमों को लिव-इन में रहने का अधिकार नहीं

**एजेंसी | प्रयागराज (उत्तर प्रदेश)**

इलाहाबाद हाई कोर्ट ने हाल ही में अपने एक अहम फैसले में कहा है कि इस्लाम धर्म को मानने वाला कोई भी शख्स लिव-इन रिलेशनशिप में रहने का दावा नहीं कर सकता है। खासकर तब, जब पहले से उसकी कोई जीवित जीवनसंगिनी हो। कोर्ट ने कहा कि मुसलमान जिस रीति-रिवाज को मानते हैं, वह उन्हें लिव-इन रिलेशनशिप में रहने का अधिकार नहीं देता है। जस्टिस अताउर्रहमान मसूदी और जस्टिस अजय कुमार श्रीवास्तव की पीठ ने कहा कि जब किसी नागरिक की वैवाहिक स्थिति की व्याख्या पर्सनल लॉ और संवैधानिक अधिकारों यानी दोनों कानूनों के तहत की जाती है, तब धार्मिक रीति-रिवाजों को भी समान महत्व दिया जाना चाहिए। कोर्ट ने कहा कि सामाजिक और धार्मिक रीति-रिवाज एवं प्रथाएं और संविधान द्वारा मान्यता प्राप्त कानून जिन्हें सक्षम विधानमंडल द्वारा बनाया गया है, दोनों के स्रोत समान रहे हैं।

#### यह था मामला

हाई कोर्ट ने यह टिप्पणी उस याचिका की सुनवाई के दौरान किया, जिसमें एक व्यक्ति के खिलाफ अपहरण के मामले को खारिज करने की गुहार लगाई गई थी। याचिका में एक हिंदू-मुस्लिम जोड़े के लिव-इन रिलेशनशिप में हस्तक्षेप न करने का निर्देश देने की भी मांग की गई थी। कोर्ट ने सुनवाई और साक्ष्यों की जांच के दौरान पाया कि याचिकाकर्ता मुस्लिम शख्स पहले से ही एक मुस्लिम महिला से शादीशुदा है और पांच साल की उसकी एक बेटी भी है।

### RML अस्पताल के दो डॉक्टर समेत 9 लोग अरेस्ट, जबरन उगाही का आरोप

**एजेंसी | नई दिल्ली**

दिल्ली के राम मनोहर लोहिया अस्पताल पर केंद्रीय जांच ब्यूरो ने बड़ी कार्रवाई की है। सीबीआई ने दो डॉक्टर्स समेत नौ लोगों को गिरफ्तार किया है। इन पर मरीजों से ईलाज के नाम पर जबरन उगाही करने का आरोप है। इस मामले में अभी अस्पताल प्रशासन कुछ भी कहने से बच रहा है।



सीबीआई की टीम ने 15 जगहों पर छापा मारा था। जिसमें अस्पताल, मेडिकल उपकरण सप्लायर और निजी बिचौलिए शामिल थे। बीते मंगलवार को पहली एफआईआर दर्ज हुई थी। यह दिल्ली के बड़े अस्पतालों में दूसरा रिश्वत का बड़ा मामला है।

इससे पहले बीते साल मार्च में सीबीआई ने सफदरजंग अस्पताल में छापा मारा था। सीबीआई ने न्यूरोसर्जन डॉ. मनीष रावत और उनके चार साथियों को गिरफ्तार किया था। मरीजों को अत्यधिक कीमतों पर सर्जिकल उपकरण खरीदने के लिए मजबूर करने के आरोप लगा था।

## एक अध्ययन में हुआ खुलासा

# देश में हिंदुओं की घटी आबादी, 84 फीसदी से 78 प्रतिशत हुए

■ मुस्लिम, ईसाई, बौद्ध और सिखों की जनसंख्या बढ़ी

**एजेंसी | नई दिल्ली**

भारत में 1950 से 2015 तक 65 सालों के अंतराल में बहुसंख्यक हिंदुओं की आबादी में बड़ी गिरावट दर्ज की गई। इस अवधि में देश की आबादी में हिंदुओं की हिस्सेदारी में करीब 6 प्रतिशत की गिरावट आ गई। हिंदुओं के अलावा जैन और पारसियों की भी आबादी में हिस्सेदारी इस अवधि में घटी है। एक अध्ययन के अनुसार मुस्लिमों, ईसाई, बौद्ध



और सिखों की आबादी में इजाफा हुआ। प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार समिति ने अपनी रिपोर्ट में कुल 167 देशों का अध्ययन किया है। अध्ययन में कहा गया है कि दुनिया के ट्रेंड को देखते हुए भारत में एक स्थिरता पाई गई है। भारत में अल्पसंख्यकों को न सिर्फ संरक्षण प्राप्त है बल्कि उनकी जनसंख्या में तेजी से इजाफा हो रहा है।

अध्ययन के अनुसार इस अवधि में आबादी में मुस्लिमों की हिस्सेदारी 5 फीसदी बढ़ी है। इसके अलावा ईसाइयों की हिस्सेदारी में 5.38 प्रतिशत, सिखों की 6.58 प्रतिशत बढ़ी है। यही नहीं बौद्धों की हिस्सेदारी भी बढ़ गई है। रिपोर्ट के अनुसार 1950 में भारत की जनसंख्या में हिंदुओं की हिस्सेदारी 84 फीसदी थी। अब देश की जनसंख्या में हिंदू 78 फीसदी हैं। मुसलमान 65 साल पहले भारत की आबादी के 9.84 फीसदी थे, जो अब बढ़कर 14.09 प्रतिशत हो गए हैं। सिख, ईसाई और बौद्ध की भी बढ़ी आबादी रिपोर्ट के मुताबिक, 1950 से 2015 के बीच ईसाई 2.24 से बढ़कर 2.36 प्रतिशत, सिख 1.24 से बढ़कर 1.85 प्रतिशत और बौद्ध 0.05 से बढ़कर 0.81 प्रतिशत हो गए हैं। दूसरी ओर, जैन 0.45 से घटकर 0.36 प्रतिशत और पारसी 0.03 से घटकर 0.004 प्रतिशत हो गई है। म्यांमार के बाद भारत अपने आसपास के देशों में दूसरे नंबर पर है, जिसके बहुसंख्यक समाज की आबादी में कमी आई है।

#### कौन कितना बढ़ा

मुस्लिम 5 प्रतिशत

ईसाई 5.38 प्रतिशत

सिख 6.58 प्रतिशत

#### म्यांमार में बढ़ी बौद्धों की हिस्सेदारी

म्यांमार में इस अवधि में बहुसंख्यक बौद्ध समुदाय की आबादी में हिस्सेदारी 10 फीसदी तक कम हुई है। भारत और म्यांमार के अलावा नेपाल की भी ऐसी ही स्थिति है। नेपाल में बहुसंख्यक हिंदुओं की आबादी में हिस्सेदारी 3.6 फीसदी कम हो गई है।

#### बांग्लादेश और पाकिस्तान में तेजी से बढ़े मुसलमान

एक तरफ भारत की आबादी में बहुसंख्यक हिंदुओं हिस्सेदारी घटी है। वहीं पड़ोसी बांग्लादेश और पाकिस्तान में बहुसंख्यक मुस्लिमों की संख्या तेजी से बढ़ी है। बांग्लादेश में मुस्लिमों की हिस्सेदारी 18.5 प्रतिशत बढ़ गई है। वहीं पाकिस्तान में यह इजाफा 3.75 प्रतिशतका है। अफगानिस्तान में 0.29 प्रतिशत इजाफा हुआ है। यहां एक तथ्य गौरतलब है कि बौद्ध बहुल आबादी वाले भूटान और श्रीलंका में भी बहुसंख्यकों की आबादी में इजाफा हुआ है। भूटान में बहुसंख्यक बौद्धों की आबादी में हिस्सेदारी 65 सालों में 17.6 प्रतिशत बढ़ी है, जबकि श्रीलंका में यह आंकड़ा 5.25 प्रतिशत का है।

### देश में तीसरे चरण में हुआ 65.68 फीसदी मतदान

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव 2024 के तीसरे चरण की वोटिंग के दौरान 65.68 प्रतिशत मतदान हुए। निर्वाचन आयोग के एक प्रेस विज्ञप्ति में यह आंकड़े जारी किए। इससे पहले निर्वाचन आयोग के मतदान ऐप ने बुधवार को बताया कि 65.55 प्रतिशत मतदान हुआ था। चुनाव आयोग के मुताबिक, असम में 85.45 प्रतिशत, बिहार में 59.14 प्रतिशत, छत्तीसगढ़ में 71.98 प्रतिशत, दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव में 71.31 प्रतिशत, गोवा में 76.06 प्रतिशत, गुजरात में 60.13 प्रतिशत, कर्नाटक में 71.84 प्रतिशत, मध्य प्रदेश में 66.74 प्रतिशत, महाराष्ट्र में 66.55 प्रतिशत, उत्तर प्रदेश में 57.55 प्रतिशत और पश्चिम बंगाल में 77.53 प्रतिशत मतदान हुए।

## हीरक जयंती महोत्सव के तहत रवींद्र मंच पर विभिन्न आयोजन

# जयंती पर रचनाओं का पाठ कर रवींद्रनाथ टैगोर को आदरांजलि

बेधड़क | जयपुर

रवींद्र मंच पर मंगलवार को रवींद्र नाथ टैगोर को याद किया गया। उनकी प्रतिमा को माला पहनाई गई और उनकी रचनाओं का पाठ कर उन्हें आदरांजलि दी गई। मौका था हीरक जयंती महोत्सव के अंतर्गत मंगलवार को शाम 7 बजे कला एवं संस्कृति विभाग तथा रवींद्र मंच की ओर से मंच के मुख्य सभागार में मनाई गई रवींद्रनाथ टैगोर जयंती का। सर्वप्रथम रवींद्र मंच कर्मचारी एवं कलाकारों ने टैगोर की मूर्ति पर माल्यार्पण किया। जयपुर दुर्गाबाड़ी संगठन के सहयोग से रवींद्र संगीत एवं रवींद्रनाथ टैगोर को समर्पित ऋतुरंग नृत्य नाटिका प्रस्तुत की गई, जिसमें छह ऋतुओं का वर्णन किया गया है। इसमें पश्चिम बंगाल के कलाकारों ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया एवं आकर्षक भाव भाव भंगीमाएं पेश की, जिसे देख दर्शक भा विभोर हो गए।







### समूह नृत्य, कविता पाठ और अन्य प्रस्तुतियों से बांधा

कार्यक्रम में टैगोर द्वारा लिखित कविताओं अक छिलो मोटा के दो बाध...... आमिआज कानाई मास्टर...... भारत तीर्थो.......का पाठ किया गया। एकल गायन- सांसों को जीना सिखाए...... कितनी बार सोचा मैंने...... ओ विदेशीनी...... पेश किए गए एवं समुह गायन में प्राण भर दो......, अग्नि की पारसमणि...जगोरने जाए विभावरी..., समूह नृत्य, कविता पाठ एवं अन्य विविध मनोरंजक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।

### राष्ट्रगान के साथ हुआ समापन

कार्यक्रम में अर्पिता चटर्जी, अमृता सेन गुप्ता, राखी राय, संतन मुखर्जी, अपराजिता मजूमदार, चंदा बनर्जी, श्रेष्ठा सरकार, देवमिता सरकार ने प्रस्तुति दी एवं कविता पाठ विहान दास, अरिहंत सरकार, अमृता सेन गुप्ता ने किया। एकल गायन में समदर्शी सरकार, अर्पिता चटर्जी, देवाशीष भट्टाचार्य, सुलेखा मुखर्जी, तूफान मुखर्जी ने प्रस्तुति दी। मंच संचालन मधुमिता सेन व सुपरणा चक्रवर्ती द्वारा किया गया। रवींद्र मंच की प्रबंधक सोविला माथुर ने बताया कि अंत में टैगोर द्वारा लिखित राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन किया।

## अविवा फुटबॉल क्लब जीता



**बेधड़क. जयपुर।** राजस्थान फुटबॉल एसोसिएशन के बैनर तले खेले जा रहे फुटबॉल लीग मुकाबले में 72 मैचों में से 60 नंबर का मैच खेला गया। इसमें दोनों टीमों ने अच्छा प्रदर्शन किया। राजस्थान फुटबॉल संघ के सचिव दिलीप सिंह शेखावत ने बताया कि अविवा मेकर फुटबॉल क्लब और एएसएल फुटबॉल क्लब के बीच मैच खेला गया। इसमें दोनों ही टीमों ने शानदार आक्रमण किए। पहले हाफ में मिले 2 गोलों की बदौलत अविवा फुटबॉल क्लब ने 5-1 से जीत दर्ज की।

## अभियान में किया जागरूक



**बेधड़क. जयपुर।** पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ के मार्गदर्शन में चलाए गए अभियान 'सुरक्षा मान सम्मान' के तहत 1 से 7 मई तक 4900 लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही 23550 महिलाओं/बालिकाओं को आत्मरक्षा प्रशिक्षण देने के साथ ही यातायात नियमों की जानकारी दी गई। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त प्रीति चन्द्रा ने बताया कि यातायात नियमों की पालना एवं महिला सुरक्षा के प्रति जागरूकता के लिए यातायात पुलिस एवं निर्भया स्क्वॉड द्वारा सयुक्त रूप से अभियान चलाकर यातयात एवं महिला सुरक्षा के प्रति आमजन व महिलाओं/बालिकाओं को प्रति जागरूक किया गया।

## पोस्टर का विमोचन



**बेधड़क. जयपुर।** जनकपुरी ज्योतिनगर जैन मंदिर में अक्षय तृतीया पर होने वाले आचार्य शशांक सागर मुनिराज के अवतरण दिवस एवं संघ के पिच्छिका परिवर्तन समारोह के पोस्टर का विमोचन किया गया। प्रबंध समिति अध्यक्ष पदम जैन बिलाला ने बताया कि पोस्टर सर्वप्रथम मूलनायक नेमिनाथ भगवान को, सानंद कार्य संपन्न हो इस भावना के साथ अर्पित किया गया तथा बाद में आचार्य के सानिध्य में विमोचन किया गया। अक्षय तृतीया के दिन प्रात: अभिषेक शांतिधारा के बाद साज-बाज के साथ अक्षय तृतीया पूजन एवं गुरु पूजन की जाएगी तथा संघ का पिच्छिका परिवर्तन होगा।

## City इवेंट्स

### स्पेशल बच्चों के लिए विशेष कॉन्सर्ट



**बेधड़क. जयपुर।** गायक रवीन्द्र उपाध्याय ने उमंग स्कूल के स्पेशल बच्चों के लिए एक विशेष कॉन्सर्ट का आयोजन किया। एक घंटे तक चले इस नॉन-स्टॉप म्यूजिकल कार्यक्रम में बच्चे विशेष रूप से 'लकड़ी की काठी, काठी पे घोड़ा' संगीत पर उनके साथ तालियां बजाते, नाचते और गाते नजर आए। उनकी ऊर्जा ने बच्चों सहित वहां उपस्थित सभी 400 लोगों को अपने संगीत पर झूमने पर मजबूर कर दिया।

### पक्षियों के लिए लगाए परिंडे



**बेधड़क. जयपुर।** जयपुर नगर निगम की ओर से चलाए जा रहे अभियान के क्रम में बुधवार को मालवीय नगर जोन के तिलक नगर स्थित शिवाजी पार्क में पक्षियों के लिये परिंडे बांधे गए और घोंसले लगाए गए। इसके साथ ही उनके लिए दाना-पानी की व्यवस्था की गई और पार्क में पौधारोपण भी किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त उद्यान रवीन्द्र सिंह सहित सृष्टि फांउडेशन के प्रतिनिधि विवेक शर्मा मौजूद रहे। निगम आयुक्त रुक्ममणि रियाड़ ने बताया कि पार्क ऑक्सीजन का मूलभूत केन्द्र है। इन्हें स्वच्छ व सुंदर रखकर ही स्वस्थ जयपुर की परिकल्पना को साकार कर सकते हैं।

### 95 ऑपरेटर्स फैम टूर के लिए रवाना



**बेधड़क. जयपुर।** द ग्रेट इंडियन ट्रैवल बाजार (जीआईटीबी) में भाग लेने आए फॉरेन टूर ऑपरेटर्स (एफटीओ) को बुधवार सुबह नोवोटेल होटल, सीतापुरा से फैमिलिराइजेशन (फैम) टूर के लिए रवाना किया गया। राजस्थान एसोसिएशन ऑफ टूर ऑपरेटर्स (राटो) द्वारा आयोजित इस फैम टूर में कुल 95 टूर ऑपरेटर्स हिस्सा ले रहे हैं। राटो के अध्यक्ष, महेंद्र सिंह राठौड़ ने दी इस टूर में तीन यात्रा कार्यक्रम शामिल हैं- एक जयपुर-बूंदी-उदयपुर-देवगढ़-जयपुर, दूसरा जयपुर-सरिस्का-रणथंभौर-जयपुर और तीसरा जयपुर-जोधपुर-जैसलमेर-बीकानेर-जयपुर।

## बैटरी संगठन ने मनाया स्थापना दिवस

# 75 वर्ष से बड़े सदस्यों का सम्मान 2 ने लिया देहदान का संकल्प



बेधड़क | जयपुर

राजस्थान स्टोरेज बैटरी ट्रेड एसोसिएशन का स्थापना दिवस समारोह तोतूका भवन नारायण सिंह सर्किल में मनाया गया। इस मौके पर संस्था से 25 साल से जुड़े सदस्यों और 75 वर्ष से बड़ी उम्र के सदस्यों का सम्मान किया। साथ ही संस्था के 2 सदस्यों सुधीर अग्रवाल एवं मालीराम चौधरी ने देहदान करने का संकल्प लिया। संगठन के अध्यक्ष महासचिव पूनम चंद कच्छावा ने बताया कि समारोह के मुख्य अतिथि हर्षपाल साहनी अध्यक्ष फेडरेशन ऑफ स्माल स्केल बैटरी, विशिष्ट अतिथि अरविंद मोहन झा आगरा, नवीन शर्मा, विजय पारीक, सुवर्णांचरकर पुणे रहे। इस अवसर पर संस्थापक अध्यक्ष रामलाल कच्छावा, संस्थापक महामंत्री धर्मवीर यादव, सतीश चंद्र हेड़ा, सत्य प्रकाश गुप्ता, संरक्षक सदस्य हंसराज अग्रवाल, रमेश सांखला पाली का सम्मान किया गया। अध्यक्ष अमिताभ झवर ने अतिथियों एवं सदस्यों का स्वागत किया। इस अवसर पर नंदलाल राय, सरवन चौधरी, बाबूलाल यादव, रफीक मंसूरी, रवि नाकरा, सुधीर अग्रवाल, सतीश शर्मा, कानाराम गुर्जर, आरिफ लाल, लोकेश टिकीवाल, रमेश प्रजापत सुरेंद्र शर्मा, मंसूर अहमद, राकेश मालानी, बंसीलाल सैनी, महेश गढ़िया उदयपुर, सलीम अब्बासी कोटा, यादराम पटवा भरतपुर सहित प्रदेशभर से लगभग 415 सदस्य उपस्थित रहे।

## श्री श्री कृष्ण बलराम मंदिर का पाटोत्सव कल से

# रथ में भ्रमण करेंगे कृष्ण और बलराम, होगा महाअभिषेक



बेधड़क | जयपुर

जगतपुरा के श्रीश्री कृष्ण बलराम मंदिर में 10 मई से 14 मई तक मंदिर का 12वां पाटोत्सव मनाया जाएगा, जिसकी तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। इन पांच दिनों में मंदिर में कई विशेष आयोजन होंगे, जिनमें भक्त महाभिषेक कीर्तन, पालकी, भजन संध्या आदि का आनंद लेंगे।

पाटोत्सव के पहले दिन सुदर्शन पूजा, महा आरती और सुदर्शन हवन होगा। दूसरे दिन 11 मई को जगतपुरा फ्लाई ओवर से श्रीश्री कृष्ण बलराम मंदिर तक विशाल रथयात्रा निकाली जाएगी। दूसरे दिन 12 मई को मंदिर में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा, जिसमें शिशुपाल वध नाटक का मंचन होगा। साथ ही श्रीश्री कृष्ण बलराम मंदिर का पालकी उत्सव होगा। चौथे दिन सांस्कृतिक संध्या में अक्षय पात्र के चेयरमैन, पद्मश्री मधु पंडित दास का व्याख्यान होगा, साथ ही कुमारी आकांक्षा राव और राजेश शर्मा भजन संध्या में भक्ति रस धारा बहाएंगे। अंतिम दिन 14 मई को महा आरती होगी और पालकी उत्सव के साथ कृष्ण बलराम का महाभिषेक होगा।

मंदिर अध्यक्ष अमितासन दास ने बताया कि पांच दिवसीय पाटोत्सव में विशेष आध्यात्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। उन्होंने मंदिर के 12वें पाटोत्सव की भक्तों को बधाई दी और कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की।

**भक्ति भाव** जैन धर्म के सत्रहवें तीर्थंकर भगवान कुन्थुनाथ जयकारों से गूंज उठे जिनालय

# जन्म, तप व मोक्ष कल्याणक पर चढ़ाया निर्वाण लाडू

बेधड़क | जयपुर

जैन धर्म के सत्रहवें तीर्थंकर भगवान कुन्थुनाथ का जन्म, तप व मोक्ष कल्याणक दिवस बुधवार को भक्ति भाव से मनाया गया। इस मौके पर शहर के दिगंबर जैन मंदिरों में पूजा अर्चना के विशेष आयोजन किए गए। निर्वाणोत्सव मनाया जाकर मोक्ष का प्रतीक निर्वाण लाडू चढाया गया। अभादि जैन परिषद के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एवं प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद जैन 'कोटखावदा' के अनुसार इस मौके पर मंदिरों में प्रातः भगवान कुन्थुनाथ के



अभिषेक, शांतिधारा के बाद पूजा अर्चना की गई। पूजा के दौरान जन्म, तप कल्याणक श्लोक का उच्चारण करते हुए अर्घ्य चढ़ाए गए। तत्पश्चात निर्वाण काण्ड भाषा का वाचन कर मोक्ष कल्याणक श्लोक का उच्चारण कर निर्वाण लाडू व अर्घ्य चढ़ाया।

### पूजा अर्चना के विशेष आयोजन हुए

जैन ने बताया कि दिल्ली रोड स्थित पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर नटाटा में पूजा अर्चना के विशेष आयोजन किए जाकर मोक्ष का प्रतीक निर्वाण लाडू चढ़ाया गया। इस मौके मंदिर अध्यक्ष महेन्द्र कुमार साह आबूजीवाले, महामंत्री विनोद जैन कोटखावदा, अजय गोधा, अजय साह आबूजीवाले, सुनील गोधा, दीपिका जैन कोटखावदा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। आगरा रोड पर श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र चूलगिरी, मोती सिंह भोमियों का रास्ता स्थित श्री दिगंबर जैन मंदिर चौबीस महाराज तथा सांगानेर के संघीजी दिगंबर जैन मंदिर, सूर्य नगर के श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर, शांतिनाथ जी की खोह के श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र सहित अन्य मंदिरों में विशेष धार्मिक आयोजन हुए।

### अक्षय महापर्व कल

अभादिजैन परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद जैन कोटखावदा ने बताया कि शुक्रवार मई को अक्षय तृतीया महापर्व भक्ति भाव से मनाया जाएगा। इस मौके पर जैन धर्म के प्रवर्तक एवं प्रथम तीर्थंकर भगवान ऋषभदेव का मुनि के रूप में मुनि आदि कुमार के प्रथम पारणा दिवस के उपलक्ष्य में शहर के जैन मंदिरों में विशेष धार्मिक आयोजन किए जाएंगे। त्याग की महिमा दर्शाते हुए जगह-जगह दान देने के आयोजन किए जाएंगे। उनके प्रथम पारणा का प्रतीक ईक्षु रस जैन मंदिरों के बाहर आमजन को पिलाया जाएगा।

पोस्टल रजि. नं. : जयपुर सिटी/006/2023-25

न्यूज़ बेधड़क

सच बेधड़क
जयपुर, गुरुवार, 09 मई, 2024



अपनी कामयाबी को इससे मापो कि उसे पाने के लिए तुमने क्या खोया है।
विनायक शर्मा, फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप



### फिलिस्तीन समर्थक प्रदर्शनकारियों पर बरपा पुलिस का कहर

# छात्रों पर चला बुलडोजर... तोड़ डाले तंबू-चलाई लाठियां

एजेंसी | एम्सटर्डम

गाजा में स्थाई सीजफायर और अमेरिका की ओर से इजराइल को दी जा रही सैन्य सहायता रोकने की मांग को लेकर अमेरिका में हजारों छात्र विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। अमेरिका से शुरू हुए फिलिस्तीन समर्थित छात्र आंदोलन की आग अब यूरोप तक पहुंच गई है। यूरोपीय देश जर्मनी, फिनलैंड, डेनमार्क, इटली, स्पेन, फ्रांस, नीदरलैंड और ब्रिटेन में बड़े पैमाने पर आंदोलन हुए। एम्सटर्डम में सैकड़ों लोग गाजा पर इजरायल के अभियान के विरोध में सड़कों पर उतर आए और मार्च शुरू कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने विश्वविद्यालय के आस-पास की सड़क को बैरीकेड्स लगाकर ब्लॉक कर दिया और नारेबाजी करने लगे। इसी दौरान पुलिस बुलडोजर लेकर पहुंची और बैरीकेड्स को हटाना शुरू कर दिया। कई वीडियो सामने आए हैं, जिनमें बुलडोजर बैरीकेड्स के ऊपर चढ़ते दिखाई दे रहे हैं, जबकि उसके दूसरी तरफ प्रदर्शनकारी खड़े हैं। इसके साथ ही पुलिस अधिकारी लाठियां चला रहे हैं और तंबुओं को हटा रहे हैं। पुलिस ने छात्रों पर काली मिर्च स्प्रे करके खदेड़ा और तंबू हटा दिए। नीदरलैंड पुलिस ने फिलिस्तीन समर्थक प्रदर्शनकारी छात्रों के खिलाफ बुलडोजर का इस्तेमाल किया और उन्हें खदेड़ दिया और लगभग 125 प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया। नीदरलैंड पुलिस ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर एक बयान जारी किया। इसमें बताया कि ये कदम कानून व्यवस्था बहाल करने के लिए जरूरी था, क्योंकि विरोध प्रदर्शन हिंसक हो गया था।






### पुलिस ने लाठियों से पीटा

सोशल मीडिया पर प्रदर्शन से जुड़े कई वीडियो वायरल हैं। एक वीडियो में दंगा पुलिस को फिलीस्तीन समर्थक छात्रों द्वारा लगाए गए बैरिकेड्स को हटाने के लिए बुलडोजर का उपयोग करते हुए देखा गया। साथ ही प्रदर्शनकारियों को खदेड़ने के लिए लाठियों और ढालों का उपयोग करते हुए अधिकारियों को दिखाया गया है। पुलिस का कहना है कि विरोध प्रदर्शन उग्र हो गए थे। इससे कानून व्यवस्था प्रभावित हो रही थी। तंबू, बैरिकेड्स लगाए जाने के कारण इमरजेंसी सेवाओं पर असर पड़ रहा था।

### कनाडा की विदेश मंत्री मेलनी जोली ने फिर लिया भारत का नाम...

# खालिस्तान समर्थक निज्जर की हत्या में भारत का हाथ

एजेंसी | ओटावा

कनाडा में खालिस्तान समर्थक नेता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के मामले में तीन भारतीय नागरिकों की गिरफ्तारी के बाद एक बार फिर से दोनों देशों के बीच बयानबाजी से तनाव पैदा हो गया। कनाडा की विदेश मंत्री मेलनी जोली ने कहा है कि उनका देश अभी भी भारतीय एजेंटों द्वारा कनाडा की धरती पर कनाडाई नागरिक की हत्या किए जाने वाले आरोपों पर कायम है। इसी मामले में भारत के कनाडा में उच्चायुक्त संजय कुमार वर्मा ने कहा है कि भारत की क्षेत्रीय अखंडता पर बुरी नज़र डालना लक्ष्मण रेखा को पार करने जैसा है। इससे एक दिन पहले अमेरिका ने भी निज्जर हत्याकांड को लेकर भारत पर निशाना साधा था और कहा था कि भारत को इस मामले को बहुत गंभीरता से लेना चाहिए।

निज्जर की हत्या के मामले गिरफ्तार किए गए भारतीयों को लेकर कनाडा के पीएम ने जस्टिन ट्रूडो ने कहा था कि कनाडा एक कानून सम्मत देश है। यहां मजबूत और स्वतंत्र न्याय प्रणाली है और हम अपने सभी नागरिकों की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं। इससे पहले बीते साल सितंबर में निज्जर की हत्या को लेकर ट्रूडो ने संसद में दावा किया था कि उनके पास इस बात के सबूत हैं कि भारत सरकार के एजेंट इस हत्या में शामिल थे। इसके बाद से ही भारत और कनाडा के बीच के रिश्ते तनावपूर्ण बने हुए हैं उस दरम्यान भारत ने कनाडा के इन आरोपों को 'निराधार और बेतुका' बताया था। उधर, भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने विदेश में गिरफ्तारियों के बाद कहा कि कनाडा उन लोगों को वीजा देता है, जो भारत में वांटेड हैं।



### ये बोलीं कनाडा की विदेश मंत्री

विदेश मंत्री मेलनी जोली ने कहा कि कनाडा का रुख हमेशा से स्पष्ट रहा है। हमारा कर्तव्य कनाडाई नागरिकों की सुरक्षा करना है और हम अपने इस आरोप पर कायम हैं कि एक कनाडाई शख्स की हत्या भारतीय एजेंटों ने कनाडा की जमीन पर की। जोली ने कहा कि रॉयल कनाडियन माउंटेड पुलिस (आरसीएमपी) ने जांच पूरी कर ली है और इस मामले में फिलहाल कोई टिप्पणी नहीं की जा सकती है। भारत के साथ रिश्तों से जुड़े सवाल पर मेलनी जोली ने कहा कि कूटनीति हमेशा पर्दे के पीछे बेहतर होती है। कनाडा हमेशा अपने नागरिकों की सुरक्षा, अपनी संप्रभुता को बनाए रखने और कानून व्यवस्था कायम रखने के लिए प्रतिबद्ध है।


### भारतीय उच्चायुक्त की 'लक्ष्मण रेखा' वाली टिप्पणी

कनाडा में भारत के उच्चायुक्त संजय कुमार वर्मा ने कहा कि दोनों देशों के बीच तनाव को कम करने के लिए कोशिशें की जा रही हैं। मॉन्ट्रियल काउंसिल ऑन फॉरेन रिलेशंस के एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि भारत की क्षेत्रीय अखंडता पर बुरी नजर डालना लक्ष्मण रेखा को पार करने जैसा है। खालिस्तान का नाम लिए बिना उन्होंने कहा कि कनाडा की धरती पर ऐसे मुद्दे फिर से उभर रहे हैं जो भारत की क्षेत्रीय अखंडता के लिए खतरा हैं। वर्मा ने कहा कि इन सबके मूल में भारतीय चिंताओं के प्रति कम समझ होना है। द्विपक्षीय संबंधों में जब हम एक-दूसरे को दोस्त कहते हैं तो हम उम्मीद करते हैं कि एक-दूसरे के दृष्टिकोण को समझें। चिंताओं को समझें। सांस्कृतिक विविधता को समझें, लेकिन दुर्भाग्य से कुछ मसले हैं और इसमें कुछ नया नहीं है। ये दशकों पुराने मसले हैं जो फिर से उभरे हैं। कोई विदेशी भारत की क्षेत्रीय अखंडता पर बुरी नजर डालेगा तो ये हमारे लिए लक्ष्मण रेखा पार करने जैसा है।

### कोर्ट ने याचिका पर सुनाया स्थानांतरण का फैसला

# इमरान की जेल में ही रहेंगी उनकी बीवी बुशरा

एजेंसी | इस्लामाबाद



पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान की पत्नी को बुधवार को बड़ी कानूनी जीत मिली है। बुशरा बीवी ने उच्च न्यायालय में खुद को निजी जेल से अडियाला जेल में स्थानांतरण की याचिका दायर की थी। न्यायालय ने उनकी याचिका स्वीकार करते हुए उन्हें अडियाला जेल में भेजने का आदेश जारी किए हैं। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के बाद उनकी पत्नी को दो मामले में दोषी पाया गया था। 49 वर्षीय बुशरा बीवी को इस्लामाबाद के उपनगरीय इलाके में पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक की हवेली बनिगाला में कैद किया गया था। इस्लामाबाद अदालत द्वारा तोशखाना भ्रष्टाचार मामले में उन्हें और इमरान खान को 14 साल जेल की सजा सुनाई गई थी। बुशरा बीबी को इस साल 31 जनवरी को गिरफ्तार किया गया था। जब से बुशरा निजी हेवली बनिगाला में कैद थीं, जबकि इमरान खान रावलपिंडी में हाई सिक्योरिटी आदियाला जेल में रखे गए हैं। इस पर बुशरा बीवी ने अदियाला जेल में वापस भेजे जाने की मांग की थी।




### रक्षा शिक्षा कानून का मसौदा तैयार

# चीन में अनिवार्य होगी मिलिट्री ट्रेंनिग!

एजेंसी | बीजिंग

चीन ने विश्वविद्यालयों और स्कूलों में सैन्य प्रशिक्षण का विस्तार करने के लिए अपने राष्ट्रीय रक्षा शिक्षा कानून में संशोधन करने का फैसला लिया है। इस संबंध में कानून का मसौदा तैयार हो चुका है। मसौदे में यूनिवर्सिटी, हाई स्कूल, मिडिल स्कूल और यहां तक कि प्राथमिक विद्यालयों के छात्रों के लिए भी सैन्य प्रशिक्षण की बात कही गई है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि चीन की नेशनल पीपुल्स कांग्रेस की स्थायी समिति ने पिछले सप्ताह कानून में संशोधनों पर चर्चा शुरू की है। मई के अंत तक इस पर सार्वजनिक टिप्पणियां मांगी गई हैं। निक्केई की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि कई विश्वविद्यालयों ने पहले ही बूटकैंप शुरू कर दिए हैं। इन कैंपों में छात्रों को आग्नेयास्त्रों का उपयोग और लोड करना और बख्तरबंद वाहन चलाना भी सिखाया जा सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक ये सिर्फ इंसानों तक सीमित मामला नहीं है। चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने एआई, रोबोटिक्स और अंतरिक्ष जैसे क्षेत्रों की ओर भी इशारा करते हुए कहा है कि ये तकनीक भी चीन की सेना के आधुनिकीकरण प्रक्रिया का हिस्सा होना चाहिए।

### सीएमसी देगी सैन्य प्रशिक्षण



इस ट्रेनिंग की जिम्मेदारी शिक्षा मंत्रालय और कम्युनिस्ट पार्टी के केंद्रीय सैन्य आयोग (सीएमसी) को दी गई है, जो चीन की शीर्ष रक्षा संस्था है। विधेयक में ये भी कहा गया है कि स्थानीय और केंद्रीय अधिकारी छात्रों के लिए निगरानी और प्रशिक्षण को मजबूत करने का काम करेंगे। विधेयक के आलोचकों का कहना है कि सैन्य प्रशिक्षण लागू करने का सरकार का कदम युवाओं को पार्टी के प्रति वफादार रखना है। साथ ही गिरती अर्थव्यवस्था और उच्च बेरोजगारी दर से लोगों का ध्यान हटाना है। नेशनल ब्यूरो ऑफ स्टैटिस्टिक्स के मुताबिक फरवरी में 16-24 वर्ष की आयु के छात्रों के लिए बेरोजगारी दर 15.3 फीसदी थी।

सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।